शनिवार, 1 नवम्बर 2025

**मौसम**



तापमान 24 – 32
आर्द्रता 80%
सूर्योदयः 5:40 सूर्यास्तः 17:00

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।



राजग का घोषणा पत्र जारी : रोजगार, औद्योगिक निवेश और महिला सशक्तिकरण पर फोकस पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : फसल रंग बदले को काट दो, लोग रंग बदलें तो जिंदगी से छांट दो।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## सरदार पटेल पूरे कश्मीर को भारत में मिलाना चाहते थे लेकिन नेहरू ने इसकी अनुमति नहीं दी: मोदी

**एकता नगर (गुजरात) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर करारा प्रहार करते हुए दावा किया कि उन्होंने पूरे कश्मीर का भारत संघ में विलय करने की सरदार वल्लभभाई पटेल की इच्छा पूरी नहीं होने दी। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर गुजरात के एकता नगर में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर राष्ट्रीय समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि ''कश्मीर'' पर हुई गलतियों का परिणाम देश ने दशकों तक हिंसा और रक्तपात के रूप में झेला। अपने संबोधन में, मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का संदर्भ देते हुए कहा कि पूरी दुनिया ने देखा है, ''आज अगर कोई भारत की तरफ आंख उठाता है, तो वह घर में घुसकर मारता है। यह भारत के दुश्मनों के लिए एक संदेश है। यह लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, जो अपनी सुरक्षा और सम्मान से कभी भी समझौता नहीं करता है।'' प्रधानमंत्री ने घुसपैठ से जुड़ा मुद्दा भी उठाया और उन्होंने इससे राष्ट्रीय



एकता एवं जनसांख्यिकीय संतुलन को ''गंभीर खतरा'' बताया। उन्होंने कहा, ''आज की युवा पीढ़ी में, बहुत से लोगों को पता नहीं होगा, सरदार पटेल चाहते थे कि जैसे उन्होंने बाकी रियासतों का विलय किया, वैसे ही पूरे कश्मीर का विलय हो। लेकिन, नेहरू जी ने उनकी वह इच्छा पूरी नहीं होने दी। कश्मीर को अलग संविधान और अलग निशान से बांट दिया गया!'' उन्होंने कहा, ''सरदार पटेल का मानना था कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए।'' प्रधानमंत्री के संबोधन में राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा, घुसपैठ की समस्या पर मुख्य रूप से जोर रहा। उन्होंने पटेल के ''दृढ़ संकल्प'' की तुलना स्वतंत्रता के बाद की सरकारों के दृष्टिकोण से की, जिन पर उन्होंने ''रीढ़विहीन'' नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा, ''कश्मीर पर कांग्रेस ने जो गलती की थी, उसकी आग में देश दशकों तक जला, कांग्रेस की लचर नीतियों के कारण कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के अवैध कब्जे में चला गया। पाकिस्तान ने सरकार प्रायोजित आतंकवाद को हवा दी। कश्मीर और देश को इतनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। लेकिन, फिर भी कांग्रेस हमेशा आतंकवाद के आगे नतमस्तक रही।'' मोदी ने भारत के जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ने के लिए घुसपैठ को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि पहली बार देश ने इस खतरे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का फैसला किया है और अपनी धरती से प्रत्येक घुसपैठिये को बाहर निकाल देगा। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के बाद 550 से अधिक देशी रियासतों को एकीकृत करने के ''असंभव प्रतीत होने वाले कार्य'' को पूरा करने में पटेल की सफलता को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने खेद व्यक्त किया कि पटेल के निधन के बाद की सरकारों ने राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रति उसी तरह की प्रतिबद्धता नहीं दिखाई। उन्होंने कश्मीर समस्या की ओर इशारा करते हुए कहा कि ''कमजोर नीतियों'' के कारण कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के अवैध कब्जे में चला गया।

एसआईआर पर अभिषेक बनर्जी सख्त, कहा...

## 'असली मतदाताओं के नाम हटे तो दिल्ली में करेंगे आंदोलन'

- मंगलवार से शुरू होंगे टीएमसी के 6,200 हेल्प डेस्क
- तृणमूल नेता ने बीएलए को दिया महत्वपूर्ण निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान यदि असली मतदाताओं के नाम हटाए गए तो तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को कानूनी कार्रवाई और दिल्ली में बड़े पैमाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। राज्यभर के लगभग 15 हजार पदाधिकारियों की भागीदारी वाले एक बंद कमरे में आयोजित वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि वह आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची में हेरफेर कर शांतिपूर्वक धांधली करने की कोशिश कर रही है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि बंगाल में 27 अक्टूबर को भाजपा के इशारे पर यह विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया



शुरू की गई। हमने पहले भी संसद, न्यायालय और सड़कों पर इसका विरोध किया है और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि एक भी पात्र मतदाता का नाम सूची से हटाया गया, तो बंगाल से एक लाख लोग दिल्ली में चुनाव आयोग कार्यालय के सामने धरना देंगे। शुक्रवार की इस बैठक में राज्य अध्यक्ष सुब्रत बक्शी सहित जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची पुनरीक्षण की निगरानी को लेकर रणनीति तय करना था। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि राज्य में मतदाता सूची सत्यापन की प्रक्रिया के चलते भय का माहौल बन गया है। आरोप लगाया कि यदि असली मतदाताओं के नाम हटाए गए, तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी। हम अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे और दिल्ली में बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। टीएमसी सूत्रों ने बताया कि अभिषेक बनर्जी ने सभी नेताओं को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि उत्तर 24 परगना, नदिया और कूचबिहार जिलों के कई इलाकों में हजारों असली मतदाताओं के नाम सूची से गायब पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यभर में भय का माहौल है। लोग आशंकित हैं कि उनके नाम सूची से हटा दिए जाएंगे, और यह किसी लोकतंत्र में अस्वीकार्य है। जनता की मदद के लिए बनर्जी ने 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक राज्यभर में क्षेत्रवार सहायता केंद्र (हेल्प डेस्क) स्थापित करने की घोषणा की। इन केंद्रों के माध्यम से नागरिक अपने मतदाता विवरण की जांच, दावा और आपत्ति दर्ज करा सकेंगे तथा किसी भी अनियमितता की सूचना दे सकेंगे। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि तृणमूल हर उस पात्र मतदाता के साथ खड़ी होगी, जिसका नाम अनुचित तरीके से हटाया या रोका गया हो।

### चीन अपने नवीनतम अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पर अंतरिक्ष यात्रियों और चूहों को भेज रहा

**जिउक्वान :** चीन शुक्रवार को अपने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए शेनझ-ोउ-21 अंतरिक्ष यान को प्रक्षेपित करने वाला है, जिसमें तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ चार चूहे भी भेजे जा रहे हैं। उत्तर-पश्चिमी चीन के जिउक्वान प्रक्षेपण केंद्र से उड़ान भरने जा रहे नवीनतम अंतरिक्ष यात्री टीम में पायलट और मिशन कमांडर झांग लू भी शामिल हैं, जो दो वर्ष पहले अंतरिक्ष स्टेशन के लिए शेनझोउ-15 मिशन पर भी थे। बाकी दो पहली बार उड़ान भर रहे हैं। 32 वर्षीय इंजीनियर वू फेई अंतरिक्ष यान में देश के सबसे कम उम्र के अंतरिक्ष यात्री हैं। वहीं, झांग होंगझांग एक पेलोड विशेषज्ञ हैं, जो अंतरिक्ष यात्री बनने से पहले नयी ऊर्जा और नयी सामग्रियों पर शोध कर रहे थे। चीन पहली बार अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर चूहे भेज रहा है।

### मुंबई हवाई अड्डे पर महिला यात्री के पास से 47 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर एक महिला यात्री के पास से 47 करोड़ रुपये मूल्य की 4.7 किलोग्राम कोकीन जब्त की। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर डीआ-रआई टीम ने श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से आई यात्री को रोका और उसके सामान की जांच की। अधिकारी के मुताबिक, कॉफी के पैकेट में छिपाकर रखे गए सफेद पाउडर के नौ पाउच बरामद किए गए।

### कोलकाता में 18 दिसंबर को होगा व्यापार सम्मेलन, ममता बनर्जी होंगी शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार आगामी 18 दिसम्बर को कोलकाता में एक व्यापक व्यापार सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। यह आयोजन राज्य में निवेश की संभावनाओं को प्रदर्शित करने और औद्योगिक क्षेत्र में अब तक की सफलता की कहानियों को उजागर करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह कार्यक्रम कोलकाता स्थित धनो-धन्य सभागार में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री और वित्त विभाग के मुख्य सलाहकार अमित मित्रा ने शुक्रवार को बताया कि इस सम्मेलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए मुख्य सचिव सहित विभिन्न



विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में राज्य के औद्योगिक विकास की सफल कहानियां प्रस्तुत की जाएंगी और बंगाल की भविष्य की औद्योगिक वृद्धि की दिशा पर चर्चा होगी। राज्य सरकार का कहना है कि यह सम्मेलन निवेशकों को आकर्षित करने और उद्योगजगत के साथ सरकार के सहयोग को और मजबूत करने का मंच बनेगा।

### अमेरिका का परमाणु परीक्षण फिर शुरू करना मानवता के लिए बेहद खतरनाक कदम होगा

**मेलबर्न :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेंटागन को अन्य देशों के समान आधार पर परमाणु हथियार परीक्षण तुरंत फिर से शुरू करने का निर्देश दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह आदेश वास्तविक विस्फोटक परमाणु परीक्षणों से संबंधित है, तो यह अमेरिका का अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक कदम होगा। विश्लेषकों के अनुसार, इस तरह के किसी भी कदम से रूस और चीन सहित अन्य परमाणु संपन्न देशों की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की घोषणाएं होने की आशंका है, जिससे परमाणु हथियारों की नई होड़ शुरू हो सकती है और पूरी मानवता गंभीर खतरे में पड़ सकती है। परमाणु परीक्षणों से रेडियोधर्मी उत्सर्जन का वैश्विक खतरा भी बढ़ेगा। भले ही परीक्षण भूमिगत किए जाएं, लेकिन रेडियोधर्मी पदार्थों के रिसाव और भूजल प्रदूषण का जोखिम बना रहेगा। परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि का उल्लंघन समग्र परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर 187 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं, जो विश्व की सबसे व्यापक रूप से समर्थित निरस्त्रीकरण संधियों में से एक है। अमेरिका ने भी इस पर दशकों पहले हस्ताक्षर किए थे, लेकिन अब तक इसका अनुमोदन नहीं किया है। इसके बावजूद, एक हस्ताक्षरकर्ता देश होने के नाते, वह संधि की भावना और उद्देश्य का उल्लंघन नहीं कर सकता।

## युद्ध के तरीके बदल रहे हैं, अब जंग आमने-सामने नहीं लड़ी जाती: सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी

**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध के तरीके लगातार बदल रहे हैं और अब ये आमने सामने नहीं लड़े जाते, इसलिए सैन्य शक्ति, बौद्धिक और प्रौद्योगिकीय तैयारी करने की आवश्यकता है। सेना प्रमुख ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि चाणक्य की शिक्षाएं ''हमें याद दिलाती हैं कि उभरती शक्तियां अनिवार्य रूप से प्रतिपक्षी गठजोड़ को उकसाती हैं।'' उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय सुरक्षा में इन प्रतिक्रियाओं के विरुद्ध रणनीतिक संतुलन और प्रतिरोध की तैयारी शामिल है। इसमें हमारे लिए अपार अवसर है, दुनिया की सबसे युवा आबादी का जनसांख्यिकीय लाभांश, बदलती प्रौद्योगिकियां और एक रणनीतिक भूगोल।'' सेना प्रमुख ने



कहा कि चुनौतियां भी हैं। उन्होंने युद्ध की बदलती प्रकृति और इस परिदृश्य में आवश्यक प्रतिक्रियाओं पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले, हमारे बीच पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता और कपटपूर्ण खतरे हैं, जिनके कारण आधे से अधिक, यानी ढाई से ज़्यादा, मोर्चे पर चुनौतियां पैदा हो रही हैं। दूसरा यह कि आतंकवाद, छद्म युद्ध और आंतरिक ख़तरे अभी भी बने हुए हैं। तीसरा, और उससे भी अधिक महत्वपूर्ण, दुष्प्रचार अभियान हमारे सामाजिक ताने-बाने को भीतर से तोड़ने की कोशिश करते हैं।'' जनरल द्विवेदी ने कहा, ''इसलिए युद्ध के तरीके अब तेजी से बदल रहे हैं और इसमें अब आमने-सामने की लड़ाई नहीं हो रही है। यह फ़ाइबर केबल से होकर गुज़रता है, स्क्रीन पर नजर आता है....। ज़ाहिर है, जवाबी कार्रवाई के लिए सिर्फ़ हथियारों की ताकत की ही नहीं, बल्कि बौद्धिक, प्रौद्योगिकीय और मानसिक तैयारी की भी जरूरत होती है।'' उन्होंने कहा कि बहु-क्षेत्रीय चुनौतियों के इस युग में, राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण ''अविभाज्य हैं, जिसके लिए समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण'' की आवश्यकता है, जिसमें शासन, उद्योग, शिक्षा और नागरिक समाज के संयुक्त संकल्प का उपयोग किया जाना चाहिए।

### ऑपरेशन महादेव में शामिल अधिकारियों सहित 1,466 पुलिस कर्मियों को 'केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक'

**नयी दिल्ली :** पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 कर्मियों सहित देशभर के 1,466 पुलिस कर्मियों को वर्ष 2025 के लिए 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' से सम्मानित किया जाएगा। महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) वी के बिरदी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (श्रीनगर) जी वी संदीप चक्रवर्ती जम्मू-कश्मीर के उन 19 अधिकारियों में शामिल हैं जिन्हें 'ऑपरेशन महादेव' के लिए पदक से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें दुस्साहसिक पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को मार गिराया गया था। सुलेमान उर्फ आसिफ को सुरक्षा बलों द्वारा एक अचानक की गयी कार्रवाई के दौरान मार गिराया गया। इस अभियान का कूट नाम 'ऑपरेशन महादेव' था। सुलेमान 22 अप्रैल के हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्ता माना जाता है। यह कार्रवाई पहलगाम हमले के अपराधियों द्वारा सैटेलाइट फोन के इस्तेमाल का संकेत देने वाले तकनीकी संकेतों के बाद की गई थी। अन्य आतंकवादियों की पहचान जिब्रान के रूप में हुई है, जो पिछले साल सोनमर्ग सुरंग हमले में कथित रूप से शामिल था। हमजा अफगानी को भी ऑपरेशन के दौरान मार गिराया गया था। चौबीस राष्ट्रीय राइफल्स और 4 पैरा यूनिट के जवानों ने आतंकवादियों के समूह का पता लगाया और एक लंबे ऑपरेशन के बाद उन्हें मार गिराया। आईजी बिरदी और एसएसपी चक्रवर्ती के अलावा एक पुलिस उपमहानिरीक्षक, दो पुलिस अधीक्षक, तीन पुलिस उपाधीक्षक, दो उपनिरीक्षक, दो सहायक उपनिरीक्षक, दो हेड कांस्टेबल और चार कांस्टेबल को पदक से सम्मानित किया जाएगा। सीआरपीएफ में एक सहायक कमांडेंट सहित 21 कर्मियों को पदक से सम्मानित किया जाएगा।

## भारत, अमेरिका ने एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए



**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को 10 वर्ष के एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक सामंजस्य का ''संकेत'' बताया। यह समझौता कुआलालंपुर में हुई बैठक के दौरान राजनाथ सिंह और उनके अमेरिकी समकक्ष पीटर हेगसेथ के बीच संपन्न हुआ। यह समझौता ऐसे समय पर हुआ है जब अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं। राजनाथ सिंह ने हेगसेथ के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमने 10 साल के लिए 'यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हमारे पहले से मजबूत रक्षा सहयोग में एक नए युग की शुरुआत करेगा।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि यह समझौता भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों में नीति दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, ''यह हमारे बढ़ते रणनीतिक सामंजस्य का संकेत है और यह साझेदारी के एक नए दशक की शुरुआत करेगा।'' सिंह ने कहा, ''रक्षा क्षेत्र हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ बना रहेगा। हमारी साझेदारी मुक्त, खुला और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।'' अमेरिकी रक्षा मंत्री पीटर हेगसेथ ने कहा कि यह समझौता ''हमारी रक्षा साझेदारी को और आगे बढ़ाता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और प्रतिरोध क्षमता का एक आधारस्तंभ है। उन्होंने कहा, ''हम समन्वय, सूचना साझेदारी और तकनीकी सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। हमारे रक्षा संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं।''

### दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए 'स्क्रीन-रीडर सॉफ्टवेयर' का इस्तेमाल शुरू होगा: यूपीएससी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय को शुक्रवार को सूचित किया गया कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने अपनी ओर से आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए 'स्क्रीन-रीडर सॉफ्टवेयर' का इस्तेमाल शुरू करने का फैसला लिया है। यूपीएससी ने कहा कि सुरक्षित तरीके से परीक्षाएं आयोजित करने के लिए जैसे ही विभिन्न केंद्रों पर उचित बुनियादी ढांचे/सॉफ्टवेयर की उपलब्धता और परीक्षण संबंधी व्यवहार्यता सुनिश्चित हो जाएगी, वह दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को परीक्षाओं में 'स्क्रीन-रीडर सॉफ्टवेयर' का इस्तेमाल करने की सुविधा दे देगा। आयोग ने यूपीएससी की ओर से आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में दृष्टिहीन/कम दृष्टि वाले अभ्यर्थियों को उचित अवसर न मिलने का मुद्दा उठाने वाली याचिका के संबंध में शीर्ष अदालत में दायर अपने अतिरिक्त हलफनामे में यह बात कही।

## 'ओआरएस' लिखे पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने संबंधित आदेश में हस्तक्षेप नहीं: उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को संकेत दिया कि वह खाद्य एवं पेय पदार्थ कंपनियों को ''ओआरएस'' शब्द का उपयोग करने से निषिद्ध करने संबंधी एफएसएसएआई के निर्देश में हस्तक्षेप नहीं करेगा, जब तक कि वे मानक चिकित्सा 'फॉर्मूलेशन' को पूरा नहीं करते। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि अगर कंपनी, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड, अपने मौजूदा उत्पादों पर ''फिर से स्टिकर'' लगाना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है और भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को इसमें कोई आपत्ति नहीं है। अदालत ने कहा कि वह इस संबंध में एक



विस्तृत आदेश पारित करेगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि जन स्वास्थ्य को खतरा बने नहीं रहने दिया जा सकता क्योंकि नागरिकों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। अदालत ने कहा, ''यह स्वास्थ्य के लिए खतरा है...प्रतिबंध जारी रहेगा। जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मैं इस प्रतिबंध में कोई बदलाव नहीं कर रहा हूं। आप अपने मौजूदा उत्पाद पर दोबारा स्टिकर लगाना चाहते हैं, तो निश्चित रूप से आप ऐसा कर सकते हैं और एफएसएसएआई को इसमें कोई आपत्ति नहीं है।'' अदालत डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें एफएसएसएआई के उस निर्देश को चुनौती दी गई है जिसमें उसके 'ओरल रिहाइड्रेशन' ब्रांड रेबलान्ज़ विटर्स के लिए 'ओआरएस' लेबल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा, ''जहां तक मौजूदा भंडार का सवाल है, मैं आपको उनके (एफएसएसएआई) सामने अपनी बात रखने और अपनी मुश्किलें बताने की छूट देता हूं...। मैं ऐसा कोई माध्यम लागू नहीं कर रहा हूं जिससे जन स्वास्थ्य को खतरा हो, यह एफएसएसएआई को विचार करना है।''



# सरकारी सख्ती से बंद होगा मारक खेल

शायद ही कोई दिन ऐसा जाता होगा जब कोई बुजुर्ग या आम लोग साइबर ठगी के शिकार न हुए हों। पिछले दिनों महाराष्ट्र में एक सेवानिवृत्त जज भी डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार हो गए। पिछले सप्ताह ऐसा ही एक अन्य दुखद मामला पुणे से सामने आया जब साइबरों ठगों ने एक 82 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल हाउस अरेस्ट स्कैम में फंसाकर 1.19 करोड़ लूट लिए। कई दिन के मानसिक उत्पीड़न व आर्थिक क्षति से टूट गए वृद्ध की आखिर सदमे से मौत हो गई। यह विचारणीय पहलू है कि कैसे पढ़े-लिखे लोग साइबर ठगों की साजिश की गिरफ्त में आ जाते हैं। वैसे आम आदमी को साइबर ठगों व फर्जी फोन कॉल्स से बचाने के लिये पुख्ता व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। आम लोगों की सुविधा व सुरक्षा के लिये सरकार के प्रयासों के बाद अब दूरसंचार विभाग ने मार्च 2026 में ऐसी व्यवस्था लागू करने के तैयारी की, जिसमें बिना ट्रू-कॉलर के खुद मोबाइल अवांछित फोन के प्रति सजग करेगा। नियामक संस्था ट्राई ने इस प्रस्ताव पर सहमति जतायी है। यह विडंबना ही कि जैसे-जैसे नई तकनीक आम आदमी के जीवन में सुविधा लाती है, वहीं असामाजिक तत्व उसे लूट-खसोट का हथियार बनाने में आगे निकल जाते हैं। देश में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार और मोबाइल फोन की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ ही साइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। जरा सी चूक होने पर लाखों लोग, साइबर धोखाधड़ी में अपने जीवनभर की पूंजी कुछ ही क्षणों में गवां देते हैं। अपराधियों का संजाल इतना विस्तृत व रहस्यमय है कि प्रवर्तन एजेंसियां जब तक उन तक पहुंचती हैं, पैसा विदेशों में ट्रांसफर हो जाता है। इस संकट का एक पहलू अनजान नंबरों से आने वाली फोन कॉल्स होती हैं, जिसके जरिये अपराधी लोगों को भ्रमित कर जीवन की जमा पूंजी लूट लेते हैं। दरअसल, संचार क्रांति के चलते तमाम सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हुई हैं, लेकिन इस सुविधा के साथ पुरानी पीढ़ी साम्य नहीं बैठा पाती है।

अब इसी चुनौती को दूर करने के लिये दूरसंचार विभाग आम उपभोक्ता को ऐसी सुविधा देने जा रहा है, जिसमें फोन करने वाले को पहचाना जा सकेगा। फोन पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम लिखा नजर आएगा। फिर व्यक्ति अपनी सुविधा अनुसार फोन कॉल्स लेना तय कर सकता है। दूरसंचार नियामक ट्राई की मंजूरी के बाद इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। हालांकि, फोन करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने के कई ऐप अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका उपयोग कुछ ही लोग कर पाते हैं। वैसे ऐसा निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि ऐप द्वारा दी जाने वाली सूचना सटीक है। ऐसे में यदि दूरसंचार विभाग की कोशिश सिरे चढ़ती है तो इससे करोड़ों उपभोक्ताओं को सुरक्षा कवच मिल पाएगा। पहले इस सुविधा का लेना मांग पर आधारित था, लेकिन बाद में तय किया गया कि यह सुविधा प्रत्येक मोबाइल उपयोगकर्ता को उपलब्ध करायी जाएगी। विश्वास किया जा रहा है कि अगले साल मार्च तक पूरे देश में यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जानकारों का मानना है कि इस सुविधा से किसी सीमा तक मोबाइल के जरिये धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों पर नकेल कसी जा सकेगी। मोबाइल उपयोगकर्ता की सजगता इसमें मददगार हो सकेगी। स्क्रीन पर अनजान नंबर व नाम देखने के बाद मोबाइलधारक फोन कॉल्स को उठाने से बच सकता है। वैसे इसके साथ ही देश में डिजिटल साक्षरता की दिशा में व्यापक पहल करने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों के जरिये लोगों को सजग-सतर्क किए जाने की आवश्यकता है। शहरों से लेकर ग्राम पंचायतों तक जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को बताया जाना चाहिए कि बैंक, सीबीआई, कोर्ट या अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कभी फोन करके उनके बैंक खाते या अन्य मामलों की जानकारी नहीं मांगती हैं। ऐसे फर्जी कॉल्स की प्रमाणिकता की पुष्टि करने के लिये हेल्पलाइन सुविधाओं में विस्तार करने की भी जरूरत है। देश में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को भी बाध्य किया जाना चाहिए कि वे उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करके संदिग्ध फोन नंबरों के प्रति सचेत करें।

# प्रौद्योगिकी से समृद्ध भारत आज किसी का अनुयायी नहीं, बल्कि दूसरों को अनुसरण के लिए कर रहा प्रेरित



डॉ. जितेंद्र सिंह
केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार

भारत आज वैश्विक वैज्ञानिक पुनर्जागरण के द्वार पर खड़ा है। तकनीक से समृद्ध भारत आज केवल अनुयायी नहीं है, बल्कि दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर रहा है। पिछले एक दशक में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, देश ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति देखी है। डिजिटल सशक्तिकरण से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक, आत्मनिर्भर और तकनीक-प्रधान भारत की रूपरेखा अब स्पष्ट दिख रही है। डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया की सफलताओं से लेकर स्वच्छ भारत और वन हेल्थ जैसे अभियानों तक, देश ने यह साबित किया है कि विज्ञान, तकनीक और नवाचार के माध्यम से बड़े पैमाने पर परिवर्तन लाया जा सकता है।

यूपीआई क्रांति ने डिजिटल भुगतान की परिभाषा ही बदल दी है और भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी बना दिया है।

भारत की जैव-अर्थव्यवस्था ने पिछले दस वर्षों में जबरदस्त प्रगति की है। 2014 में जहां इसका मूल्य 10 अरब डॉलर था, वहीं 2024 में यह बढ़कर लगभग 165.7 अरब डॉलर हो गया है। भारत अब बायोफ्यूल, बायोप्लास्टिक और ग्रीन केमिकल्स जैसे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। चंद्रयान और गगनयान मिशनों ने भारत की पहचान अंतरिक्ष शक्ति संपन्न देशों में मजबूत की है, जबकि 5ऋ नेटवर्क की शुरुआत और डिजिटल कूटनीति ने देश के दूर-दराज़ इलाकों तक कनेक्टिविटी और सशक्तिकरण पहुँचाया है।

भारत अब सबके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बुद्धिमत्ता और नवाचार का लाभ हर क्षेत्र तक पहुंचे। चाहे वह कृषि हो, स्वास्थ्य सेवा हो या शासन व्यवस्था।देश में 100 से अधिक यूनिकॉर्न कंपनियां और युवाओं द्वारा संचालित स्टार्टअप्स का मजबूत नेटवर्क भारत की वैज्ञानिक और उद्यमशीलता की भावना को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन, क्वांटम विज्ञान और तकनीक, सेमीकंडक्टर निर्माण और सटीक कृषि जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रगति यह दिखाती है कि भारत अब केवल दुनिया के साथ कदम नहीं मिला रहा, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने में मदद कर रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत की कहानी है। एक ऐसा आत्मविश्वासी और दूरदर्शी भारत, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर, अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक, दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

### ईएसटीआईसी : उपलब्धि से आकांक्षा तक

इस प्रगति की पृष्ठभूमि में 3 से 5 नवंबर 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में होने वाला इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव एक साहसिक नया कदम है। भारत सरकार के 13 मंत्रालयों की ओर से आयोजित यह सम्मेलन सिर्फ उपलब्धियों का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह सहयोग, दूरदृष्टि और राष्ट्रीय रणनीति का मंच है। माननीय प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन किए जाने वाला ईएसटीआईसी 2025 देश-विदेश के प्रमुख वैज्ञानिकों, नवाचारकर्ताओं, नीति-निर्माताओं और विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा ताकि वे नई उभरती तकनीकों के भविष्य पर विचार-विमर्श कर सकें।

यह सम्मेलन एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करेगा जहां कमियों की पहचान, साझेदारियां स्थापित करना और विज्ञान व प्रौद्योगिकी को भारत की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप दिशा देना- इन सभी पर संयुक्त रूप से काम किया जाएगा।

यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय एकजुटता मंच है, जो शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग जगत और सरकार को एक साझा उद्देश्य से जोड़ता है: भारत को विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ाना। यानी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक एक पूर्ण विकसित और नवाचार-प्रधान राष्ट्र बनाना।

ईएसटीआईसी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण 11 विषयों पर केंद्रित किया गया है। यह सम्मेलन एक ऐसा केंद्रीय मंच बनेगा जहां रणनीतिक संवाद, सहयोग और भारत की श्रेष्ठ उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जाएगा। वर्तमान उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ, यह सम्मेलन नए विचारों पर मंथन, कमियों की पहचान, और नीति-निर्माण में सुधार का अवसर भी प्रदान करेगा, ताकि भारत की वैज्ञानिक प्रगति समाज की जरूरतों और वैश्विक अवसरों के साथ तालमेल में बनी रहे।

मूल रूप से, ईएसटीआईसी का उद्देश्य पूरे विज्ञान तकनीक पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ना है- उन मंत्रालयों को जो नीतियाँ बनाते हैं, उन वैज्ञानिकों को जो नवाचार करते हैं,उन उद्योगों को जो विचारों को विस्तार देते हैं, और उन स्टार्टअप्स को जो बदलाव लाते हैं। यह सम्मेलन अब तक की यात्रा का सम्मान करता है और आगे के उस मार्ग को भी दर्शाता है जो भारत को सतत, समावेशी और परिवर्तनकारी विकास की ओर ले जाता है।

**ग्यारह विषय, एक लक्ष्य –**

ईएसटीआईसी 2025 को ग्यारह प्रमुख विषयों के इर्द-गिर्द तैयार किया गया है, जो मिलकर भारत की तकनीकी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को दर्शाते हैं। इन विषयों में शामिल हैं- एडवांस्ड मटेरियल्स और मैन्युफैक्चरिंग- ऐसे मजबूत, हल्के और स्मार्ट पदार्थों का निर्माण जो रक्षा, अंतरिक्ष और उद्योग के क्षेत्र को नई शक्ति दें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता- जो जीवन को आसान बना रही है और शासन प्रणाली को अधिक स्मार्ट और समावेशी बना रही है। बायो-मैन्युफैक्चरिंग- जो टिकाऊ जैव-उत्पादों और सर्कुलर समाधानों के माध्यम से हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। ब्लू इकॉनमी- जो समुद्री संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग कर समृद्धि और लचीलापन बढ़ाने पर केंद्रित है। डिजिटल कम्युनिकेशन- 4 ऋ से 5ऋ और अब 6ऋ की ओर बढ़ते हुए ग्रामीण भारत को सशक्त बना रहा है और वैश्विक डिजिटल कूटनीति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण- जो 'मेक इन इंडिया' के विज़न को सिलिकॉन-आधारित वास्तविकता में बदल रहा है। उभरती कृषि तकनीकें- जो नवाचार, सटीकता और स्थिरता के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं।ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु- जो नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन को दुनिया के लिए उदाहरण बना रहे हैं।स्वास्थ्य और चिकित्सा तकनीकें- जो सस्ती और सुलभ नवाचारों के माध्यम से स्वास्थ्य समानता सुनिश्चित कर रही हैं। क्वांटम विज्ञान और तकनीक- जो सुरक्षित संचार, सेंसरिंग, कंप्यूटिंग और नए पदार्थों के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।अंतरिक्ष तकनीक- जो नई पीढ़ियों को प्रेरित कर रही है और भारत के वैज्ञानिक क्षितिज को और विस्तृत बना रही है। ये सभी विषय मिलकर भारत के समग्र नवाचार मानचित्र को दर्शाते हैं- एक ऐसा ढांचा जहां गहन विज्ञान, उद्यमिता और नीति निर्माण एक साथ मिलकर देश के विकास को नई दिशा देते हैं।

**विकसित भारत 2047 की ओर**

कई मायनों में, ईएसटीआईसी भारत के बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतीक है। एक ऐसा आत्मविश्वास जो ज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जा रहा है। यह एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसका उद्देश्य है-कल्पनाशक्ति को जगाना, युवाओं को प्रेरित करना, और भविष्य के लिए नवाचार को बढ़ावा देना।

ईएसटीआईसी 2025 में विचारशील नेताओं, नोबेल पुरस्कार विजेताओं, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के अग्रदूतों को एक साथ लाया जाएगा, ताकि भारत को एक वैज्ञानिक महाशक्ति और नवाचार-आधारित विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। जैसे-जैसे भारत 2047 की ओर बढ़ रहा है, ईएसटीआईसी एक प्रेरक शक्ति और प्रतीक दोनों के रूप में खड़ा है। एक ऐसा मंच जहां भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियां उसकी विकास आकांक्षाओं से मिलती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर नवाचार मजबूत, टिकाऊ और समावेशी विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे।

## समीक्षा स्पोर्ट्स

# भारत को चार विकेट से हराकर ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 1-0 से आगे



**मेलबर्न :** तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की घातक गेंदबाजी और कप्तान मिचेल मार्श की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को 40 गेंद शेष रहते चार विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। कैनबरा में पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। भारत पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन पर सिमट गया। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 37 गेंदों में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 68 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज उनके साथ तालमेल नहीं बैठा सके। हर्षित राणा ने 33 गेंदों में 35 रन बनाकर छठे विकेट के लिए अभिषेक के साथ 56 रन जोड़े। टीम के नौ बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से हेजलवुड ने सिर्फ 13 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि जेवियर बार्टलेट और नाथन एलिस ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान मार्श ने 26 गेंदों में चार छक्के और दो चौकों से 46 रन बनाए। ट्रेविस हेड ने 28 रन जोड़े और दोनों ने पहले विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट लेकर थोड़ी उम्मीद जगाई, लेकिन कम स्कोर का बचाव मुश्किल साबित हुआ। तीसरा टी20 रविवार को होबार्ट में खेला जाएगा।

### अभिषेक को अपना खेल और पहचान पता है, उम्मीद है कि आगे भी ऐसे ही खेलेगा : सूर्यकुमार

आस्ट्रेलिया के हाथों दूसरे टी20 मैच में चार विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को कहा कि सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी से अपने लिये एक पहचान बनाई है और उसे आगे भी इसी तरह से खेलते रहना चाहिये। सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा,''अभिषेक काफी समय से ऐसे ही खेल रहा है। उसे अपने खेल और अपनी पहचान के बारे में पता है।'' उन्होंने कहा ,'' वह इसमे बदलाव नहीं करने जा रहा और उम्मीद है कि वह ऐसे ही खेलता रहेगा और हमारे लिये ऐसी कई पारियां खेलेगा।''

## म्युनिख ओलंपिक 1972 कांस्य पदक विजेता हॉकी गोलकीपर फ्रेडरिक का निधन



**कन्नूर/बेंगलुरु/ नयी दिल्ली :** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर और म्युनिख ओलंपिक 1972 की कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य मैनुअल फ्रेडरिक का शुक्रवार को सुबह बेंगलुरू के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे और उनके परिवार में दो बेटियां हैं। उनके परिवार ने बताया कि वह पिछले दस महीने से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। केरल के कन्नूर में 20 अक्टूबर 1947 को जन्मे फ्रेडरिक ओलंपिक पदक जीतने वाले प्रदेश के पहले खिलाड़ी थे। उनके अलावा केरल से पी आर श्रीजेश ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है और वह भी हॉकी गोलकीपर रहे हैं। काफी पहले बेंगलुरू में आ बसे फ्रेडरिक एक साल पहले पत्नी शीतला के निधन के बाद से अवसाद में भी थे। उनकी बेटी फ्रेशना ने कहा ,'' डैड का सुबह निधन हो गया। वह पिछले दस महीने से कैंसर से जूझ रहे थे और एक साल पहले मां के जाने के बाद से अवसाद में भी थे।''

## भारतीय महिला टीम विश्व कप जीतने की हकदार: अभिषेक शर्मा

**मेलबर्न :** भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि उन्हें महिला टीम द्वारा विश्व कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर शानदार जीत में दिखाई गई 'परिपक्वता और टीम वर्क' पर गर्व महसूस हुआ है और उन्हें उम्मीद है कि हरमनप्रीत कौर की टीम रविवार को अपना पहला खिताब जीतेगी। भारत ने बृहस्पतिवार को जेमिमा रोड्रिग्स के नाबाद 127 रन की बदौलत गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद मीडिया से बातचीत में अभिषेक ने कहा, ''हम सभी मैच पर नजर रखे हुए थे। जिस तरह से मैच खेला गया, मुझे नहीं लगता कि भारत ने महिला क्रिकेट में कभी ऐसा मैच जीता है।'' उन्होंने कहा, ''एक टीम के रूप में जो परिपक्वता और 'टीम वर्क' दिखाया गया, हमें उन पर गर्व है।'' अभिषेक की 37 गेंद में खेली गई 68 रन की पारी बेकार चली गई और भारत को ऑस्ट्रेलिया से दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''हम सब बस मैच देख रहे थे। हर कोई कहीं न कहीं मैच देख रहा था। इतने सारे रन बन रहे थे। जेमिमा, हरमन और स्मृति, सभी ने अच्छा खेला। और सभी ने बीच-बीच में छोटी-छोटी भूमिकाएं निभाईं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि उन पर कोई दबाव था।''

## आईसीसी बैठक में चार नवंबर को एशिया कप ट्रॉफी का मुद्दा उठा सकता है बीसीसीआई

**मुंबई :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उम्मीद है कि एशिया कप विजेता ट्रॉफी 'एक या दो दिन में' मुंबई स्थित उसके मुख्यालय पहुंच जाएगी लेकिन अगर हालात में कोई प्रगति नहीं होती है तो भारतीय बोर्ड चार नवंबर को इस मामले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के समक्ष उठाएगा। भारत ने दुबई में हुए फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता लेकिन पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। वह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं। यह तब हुआ जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दोनों देशों के बीच विवाद के कारण अपने पाकिस्तानी समकक्ष से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। नकवी पहले ही बता चुके हैं कि ट्रॉफी भारत को सौंपी जा सकती है लेकिन इसे वह स्वयं प्रदान करेंगे। एशिया कप जीत के एक महीने से ज्यादा समय बाद भी बीसीसीआई अब भी आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी सौंपे जाने का इंतजार कर रहा है।

## अमन राज ने लगातार दो खिताब जीते, आईजीपीएल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे

**कोलकाता :** गोल्फर अमन राज ने शुक्रवार को यहां टॉलीगंज गोल्फ क्लब में आईजीपीएल आमंत्रण टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की जिससे वह आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट में भी शीर्ष पर पहुंच गए। अमन इस तरह गगनजीत भुल्लर के बाद इस सत्र में कई टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। साथ ही अमन पांच टूर्नामेंट से 50 लाख रुपये की कमाई करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

## फिडे विश्व शतरंज कप ट्रॉफी का नाम विश्वनाथ आनंद के नाम पर रखा गया

**पणजी :** फिडे विश्व शतरंज कप की नई ट्रॉफी का नाम शुक्रवार को यहां पांच बार के विश्व चैंपियन भारतीय दिग्गज के सम्मान में विश्वनाथन आनंद ट्रॉफी रखा गया और एक रंगारंग उद्घाटन समारोह के दौरान इसका अनावरण किया गया। ट्रॉफी अनावरण समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और फिडे प्रमुख अर्कडी ड्वोर्कोविच शामिल हुए।

## ईस्ट बंगाल ने मोहन बागान से ड्रॉ खेलकर सुपर कप सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**मडगांव (गोवा) :** ईस्ट बंगाल एफसी ने शुक्रवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान सुपर जायंट्स को गोलरहित ड्रॉ पर रोककर ग्रुप ए से सुपर कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमों के छह-छह अंक रहे लेकिन ऑस्कर ब्रुजोन की टीम बेहतर गोल अंतर के कारण अंतिम चार में पहुंच गई। गोल अंतर में उसकी मंगलवार को चेन्नईयिन एफसी पर 4-0 की जीत का भी योगदान रहा। बेम्बोलिम में डेम्पो स्पोर्ट्स क्लब और चेन्नईयिन एफसी ने अपना एआईएफएफ सुपर कप ग्रुप ए अभियान 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त किया।

# आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 नवम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष दशमी, 09:08 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 18:05 तक, योग : ध्रुव, 26:01 तक, सूर्योदय: 05:40, सूर्यास्त: 17:00, चन्द्रोदय : 13:59, चन्द्रास्त: 01:02, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 08:32 से 09:56

# राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को फिजूल के खर्चे से बचना होगा। किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था से ऋण सोच समझकर लें। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा और अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे।

**वृष :** आज के दिन बहुत व्यस्तता भरा रहने वाला है। आज ज्यादा भागदौड़ वाले कार्यों को करते समय सावधानी बरतें। पैर में चोट लगने की आशंका नजर आ रही है।

**मिथुन :** यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज के दिन आपके कष्टों में वृद्धि हो सकती है। आज आपके सामाजिक कार्यों में किसी प्रकार का व्यवधान दिख रहा है।

**कर्क :** भाग्य की दृष्टि से आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपके परिश्रम का अच्छा फल मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

**सिंह :** आज का दिन सिंह राशि के जातकों के लिए मिश्रित फलकारक है। मानसिक अशान्ति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी।

**कन्या :** आज आप में निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए शुभ फलकारक रहने वाला है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे।

**वृश्चिक :** आज आपका मन अशांत एवं परेशान रहने वाला है। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

**धनु :** आज आपकी विद्या, बुद्धि, ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अंदर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे।

**मकर :** आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति होगी। इस दौरान कुछ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने परिवार के लोगों से विश्वासघात होने की संभावना है।

**मीन :** आज चतुर्थ भाव में मिथुन राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा। प्रियजनों व परिजनों से हास्य विनोद रहेगा।

# वर्ग पहेली नं. 3250



**बायें से दायें:-** 1) घमंड, 3) अल्प, 6) घुटा पदार्थ, 8) दिमाग़, 9) बौद्ध भिक्षुक, 10) मुसलमानी धर्मसूत्र, 12) साल, 13) अभी, 15) प्रत्येक, 16) पर्यन्त, 17) मूल कारण, 18) महोदय, 19) जँवाई, 21) अस्थिपंजर, 22) शपथ, 24) सूर्यप्रकाश, 25) निरंकुश, 27) मतभेद.

**ऊपर से नीचे:-** 1) नामुमकिन, 2) बलवान, 3) पतला *(पदार्थ)*, 4) थोड़ा, 5) एक-दो दिन में, 7) घड़ियाल, 11) अनुसार, 14) पाचनशक्ति, 15) तहलका, 16) तख़्ती, 18) जलयान, 19) कमीज़ पल्ला; तलहटी, 20) हड़पना, 23) बराबरी, 24) काइयाँ; छली, 26) इतने से अधिक नहीं.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



# सुडोकू-पहेली-3207

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | 7 | | | |
| | | | 2 | | | 1 | | 3 |
| | 3 | | | | 9 | | | 5 |
| 7 | | | | | 6 | 4 | | |
| | 2 | | 1 | | | | | |
| | 6 | | | | | 3 | 1 | |
| | | | | | | 7 | 5 | |
| | | | 8 | | | | | |
| 5 | | | 6 | 9 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3206 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 2 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 |
| 8 | 3 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 3 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 2 | 6 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 |

# कोर्ट की निगरानी में एसआईआर की मांग पर हाई कोर्ट में याचिका दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय में शुक्रवार को एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को न्यायालय की निगरानी में कराने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की खंडपीठ ने इस याचिका को स्वीकार कर लिया है। याचिकाकर्ता ने यह भी आग्रह किया है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की अवधि बढ़ाई जाए ताकि प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सटीक रूप से पूरी की जा सके। साथ ही, याचिका में चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करने का निर्देश देने की मांग की गई है कि एसआईआर प्रक्रिया की आवश्यकता क्यों पड़ी? उल्लेखनीय है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इसी सप्ताह 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की थी, जिनमें पश्चिम बंगाल भी शामिल है। राज्य में तीन चरणों



में चलने वाली इस प्रक्रिया का पहला चरण चार नवम्बर से आरंभ होगा। नौ दिसम्बर को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद राजनीतिक दल और मतदाता अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। इन आपत्तियों का निस्तारण चुनाव आयोग और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय द्वारा किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी 2026 को जारी की जाएगी।

## राज्य में एसआईआर की निगरानी के लिए निर्वाचन आयोग गठित कर सकता है संयुक्त समिति

निर्वाचन आयोग राज्य की सभी 274 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त पर्यवेक्षण समितियां गठित करने पर विचार कर रहा है। यह प्रस्ताव कई राजनीतिक दलों द्वारा दिया गया है। इसमें सुझाव दिया गया है कि प्रत्येक समिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया पर पूर्ण निगरानी रखी जा सके और पारदर्शिता बनी रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य उन चिंताओं का समाधान करना है जो कई राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया की निष्पक्षता और परिणाम को लेकर व्यक्त की हैं। एक अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्रवार संयुक्त पर्यवेक्षण समिति बनने से विवादों की संभावना घटेगी और जनता का भरोसा बढ़ेगा। सूत्रों के मुताबिक, आयोग ने इस प्रस्ताव को सार्थक माना है और इसे संभावित विवादों से बचाव का एक प्रभावी माध्यम समझा है।

## चुनाव आयोग की सख्ती के बाद 143 अनिच्छुक बीएलओ ने संभाला काम

चुनाव आयोग की सख्ती के बाद 143 अनिच्छुक बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने काम संभाल लिया है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएलओ अपनी-अपनी ड्यूटी वाली जगह पर चले गए हैं। इन बीएलओ को याद दिलाया गया कि चुनाव आयोग के पास राज्य सरकार को बीएलओ के रूप में नियुक्त कर्मचारियों व चुनाव अधिकारियों को निर्देश के उल्लंघन के मामलों में निलंबित करने व उनके विरुद्ध मामला दर्ज करने का निर्देश देने का अधिकार है। यह चेतावनी कारगर साबित हुई और अनिच्छुक बीएलओ काम पर चले गए। मालूम हो कि आयोग ने इन बीएलओ को गत गुरुवार की दोपहर 12 बजे तक का समय दिया था। सीईओ कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, सभी बीएलओ ने निर्धारित समय के अंदर ड्यूटी पर रिपोर्ट की है, हालांकि गुरुवार की शाम को खबर आई थी कि इन बीएलओ ने निर्धारित समय तक ड्यूटी पर रिपोर्ट नहीं की है, जिसके बाद आयोग उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

## कल 8 घंटे के लिए बंद रहेगा द्वितीय हुगली ब्रिज, कोलकाता पुलिस ने जारी किए दिशा-निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** मरम्मत और नवीनीकरण कार्य के लिए सप्ताहांत में दूसरा हुगली ब्रिज (विद्यासागर सेतु) बंद रखा जाएगा। इसकी वजह से इस सेतु से आवाजाही करने वाले वाहनों के लिए कोलकाता पुलिस ने दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। यह कार्य हुगली नदी पुल आयुक्त (एचआरबीसी) की तरफ से किया जा रहा है। कोलकाता पुलिस की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार, विद्यासागर सेतु रविवार की सुबह यानी 2 नवम्बर को सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान सेतु के स्टे केबल और बेयरिंग बदलने सहित महत्वपूर्ण काम किया जाएगा। इस दौरान पुल पर किसी भी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि यह अस्थायी उपाय जन सुरक्षा और पुल के रख-रखाव के हित में किया जा रहा है। उन्होंने सभी से इस विशेष समय के दौरान वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और यातायात पुलिस के दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। अधिसूचना के अनुसार, एजेसी बोस रोड या जिरात द्वीप से आने वाले और पश्चिम की ओर जाने वाले वाहनों को टर्फ व्यू, हेस्टिंग्स क्रॉसिंग, सेंट जॉर्ज गेट रोड, स्ट्रैंड रोड और हावड़ा ब्रिज होते हुए जाना होगा। केपी रोड से आने वाले वाहनों को 11 फर्लांग गेट रोड और इसी रास्ते से जाना होगा।

## शाम होते ही विधानसभा में भूत का भय, रात्रि सुरक्षा कर्मियों में दहशत

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा परिसर में रात के समय एक भूत जैसी 'छायामूर्ति' दिखने की खबर ने सुरक्षा कर्मियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, कई सुरक्षा कर्मियों ने इस घटना के बाद रात्रि ड्यूटी करने में अनिच्छा जताई है। जानकारी के मुताबिक, हाल ही में विधानसभा में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के तहत रात्रिकालीन पाली (नाइट शिफ्ट) शुरू की गई थी। इसी दौरान कुछ सुरक्षा कर्मियों ने ड्यूटी के दौरान एक युवती की परछाई जैसी आकृति देखने का दावा किया, जिसके बाद पूरे स्टाफ में अफ़रा-तफ़री मच गई। सूत्रों ने बताया कि यह मामला विधानसभा अध्यक्ष बिमन बनर्जी के संज्ञान में लाया गया है। उन्होंने पुष्टि करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह बहुत विशाल भवन है, और जब रात में कुछ ही लोग ड्यूटी पर होते हैं तो स्वाभाविक है कि भय की भावना उत्पन्न हो। यह मनोवैज्ञानिक दबाव भी हो सकता है। यह कहना कठिन है कि इसमें कोई अलौकिक तत्व है या नहीं। विधानसभा प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इन खबरों के बाद कर्मचारियों में हल्की चिंता का माहौल है, हालांकि अब तक देखी गई 'छायामूर्ति' की प्रामाणिकता की कोई पुष्टि नहीं हो सकी है।

## भवानी भवन में बनेगा 'एआई सेल', तकनीक के साथ और आधुनिक होगी राज्य पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** बदलते दौर के साथ तालमेल रखते हुए पश्चिम बंगाल पुलिस अब और अधिक तकनीकी रूप से आधुनिक बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। राज्य के डीजी राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस विभाग में कार्यकुशलता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए भवानी भवन में एक विशेष एआई सेल स्थापित किया जा रहा है। शुक्रवार को भवानी भवन से इस संबंध में आधिकारिक निर्देशिका जारी की गई। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि इस सेल का उद्देश्य जांच से लेकर प्रशासनिक कार्य, योजना निर्माण से लेकर प्रशिक्षण तक, सभी क्षेत्रों में तकनीक आधारित दक्षता को बढ़ावा देना है। सूत्रों के अनुसार, इस नए एआई सेल का नेतृत्व एक अतिरिक्त डीजी करेंगे, जो इसके




चेयरमैन भी होंगे। उनके साथ आईजी, डीआईजी और एसपी स्तर के अधिकारी कार्य करेंगे। ये अधिकारी नीतियों का निर्माण, समन्वय, दस्तावेज़ीकरण और कार्यों की प्रगति की निगरानी करेंगे। तकनीकी विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए, सेल में दो तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो एआई के उपयोग, मूल्यांकन और नीतिगत सलाह में सहयोग देंगे। आवश्यकता पड़ने पर और विशेषज्ञों की नियुक्ति भी की जाएगी। यह सेल राज्य पुलिस मुख्यालय भवानी भवन में स्थित होगा और इसका प्रशासनिक नियंत्रण डीजी राजीव कुमार के पास रहेगा। राज्य सरकार आवश्यक वित्तीय और प्रशासनिक सहायता प्रदान करेगी। हर पंद्रह दिन में बैठक आयोजित होगी, जिसमें एआई के उपयोग, दिशा-निर्देश और रणनीति पर चर्चा की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, राज्य के विभिन्न जिलों में एआई के प्रयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि जांच, अपराध रोकथाम और डेटा विश्लेषण में भविष्य की तकनीक को अपनाया जा सके।

## सिंथी में बंदूक की नोक पर सोनार से 3 करोड़ रुपये के सोने की लूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के सिंथी इलाके में रात के अंधेरे में बंदूक की नोक पर 3 करोड़ रुपये का सोना लूट लिया गया। हमलावरों ने कथित तौर पर एक सुनार की पिटाई की और उसकी स्कूटी लेकर फरार हो गए। घटना के खिलाफ गुरुवार की रात सिंथी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि सुनार की कार्यशाला सिंथी इलाके के राजा अपूर्व कृष्णा लेन में स्थित है। बुधवार की शाम वह बड़ाबाजार गए थे। वहां उन्होंने आभूषण बनाने के लिए कुछ स्वर्ण व्यापारियों से करीब 3 करोड़ रुपये का सोना खरीदा था। इसका वजन करीब 2 किलो 380 ग्राम है। वह उस सोने के साथ रात में स्कूटी से लौट रहे थे। आरोप है कि सिंथी स्थित कार्यशाला में पहुंचते ही दो लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। हमलावरों ने बंदूक की नोक पर स्कूटी के अंदर से 3 करोड़ रुपये का सोना छीन लिया। आरोप है कि रोकने पर व्यापारी की पिटाई की गई। फिर, वे सुनार की स्कूटी लेकर फरार हो गए। व्यवसायी ने गुरुवार को लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस कथित तौर पर उत्तर कोलकाता के कई इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### अम्हर्स्ट स्ट्रीट में मैनहोल से एक सड़ी-गली लाश बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के अम्हर्स्ट स्ट्रीट थाना अंतर्गत केशव चंद्र सेन स्ट्रीट स्थित एक मैनहोल से एक सड़ी-गली लाश बरामद की गई है। पुलिस के शुरुआती अनुमान के मुताबिक, शव एक से डेढ़ महीने पुरानी है। यह हादसा था या हत्या, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस का शुरुआती अनुमान है कि मृतक की उम्र 35 से 40 साल के बीच होगी। पता चला है कि कोलकाता नगर निगम के कर्मचारी मैनहोल की सफाई करने आए थे। सबसे पहले उन्होंने ही लाश देखी। लाश को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है। कोलकाता पुलिस का डॉग स्क्वॉड भी घटनास्थल पर बुलाया गया है।

## सदासुख कटरा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने मनाई दीवाली प्रीति सम्मेलन



**कोलकाता, समाज्ञा :** सदासुख कटरा ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को आयोजित दीवाली प्रीति सम्मेलन में प्रमुख व्यापारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। इस अवसर पर पार्षद मीना पुरोहित व मोहम्मद अली पार्क सार्वजनिक दुर्गोत्सव के सह सचिव अशोक ओझा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमें अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, सचिव राजेश केडिया और कोषाध्यक्ष बृजमोहन डीडवानिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर एसोसिएशन द्वारा स्थानीय व्यापारियों और समाज के प्रमुख लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बृजमोहन गोयनका, सुशील केडिया, राज नारायण टिबडेवाल, सुभाष कांक्रेनिया, प्रेम नाथ दुबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों और सदस्यों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश गुप्ता, देवकी तोडी, मुरारी सराफ और शिवप्रकाश रामरायका की सक्रिय भूमिका रही।



# उच्च माध्यमिक के प्रथम चरण का परिणाम घोषित, 93.72 प्रतिशत उत्तीर्ण

## परीक्षा के 39 दिनों के बाद नतीजे घोषित, शीर्ष दस में 69 लोग

### उत्तीर्ण प्रतिशत के आधार पर दक्षिण 24 परगना पहले स्थान पर



**कोलकाता, समाज्ञा :** परीक्षा समाप्त होने के मात्र 39 दिनों बाद पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शुक्रवार को प्रथम चरण (पहले सेमेस्टर) के परिणाम घोषित किए। इस दिन, परिषद अध्यक्ष ने विद्यासागर भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में औपचारिक रूप से नतीजों की घोषणा करते हुए बताया कि इस बार, कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.72 रहा है। शीर्ष दस स्थानों में कुल 69 छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई है। परिषद के अनुसार, उत्तीर्ण प्रतिशत के आधार पर दक्षिण 24 परगना जिला पहले स्थान पर रहा, जबकि दूसरे स्थान पर नदिया जिला रहा। कोलकाता इस सूची में 12वें स्थान पर है, जहां कुल 93.77 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह परिणाम केवल लिखित परीक्षा के आधार पर तैयार किया गया है। बता दें कि इस वर्ष पहली बार उच्च माध्यमिक परीक्षा सेमेस्टर पद्धति में आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण की परीक्षा 22 सितंबर को समाप्त हुई थी। उस समय ही संकेत दिया गया था कि परिणाम अक्टूबर के अंत तक जारी किए जाएंगे, और परिषद ने उसी अनुसार समय पर नतीजे प्रकाशित किए। परिषद अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय को परिणाम ऑनलाइन भेजे जा रहे हैं और दोपहर दो बजे से स्कूल मार्कशीट डाउनलोड कर सकेंगे।

### सफल छात्रों को ममता बनर्जी की शुभकामनाएं

परीक्षा में सफल सभी छात्रों को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने लिखा कि आज उच्च माध्यमिक परीक्षा के तीसरे सेमेस्टर में सफल सभी छात्र-छात्राओं को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। मैं उनके माता-पिता, शिक्षक और शिक्षिकाओं को भी बधाई देती हूं। देश में पहली बार सेमेस्टर पद्धति के तहत उच्च माध्यमिक परीक्षा आयोजित की गई है। इस विशाल आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए इससे जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं। जो छात्र इस बार अच्छा परिणाम नहीं ला सके हैं, उनसे कहना चाहूंगी कि निराश न हों और चौथे सेमेस्टर में बेहतर परिणाम के लिए प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इस वर्ष पास प्रतिशत 93.72 प्रतिशत रहा है। शीर्ष दस में कुल 69 परीक्षार्थियों ने जगह बनाई है।

### उच्च माध्यमिक परीक्षा में लड़कियों में प्रथम दौलतपुर हाई स्कूल की छात्रा दीपान्विता

दक्षिण दिनाजपुर जिले के दौलतपुर हाई स्कूल की छात्रा दीपान्विता पाल ने मेरिट सूची में लड़कियों में पहला स्थान हासिल किया है। उनके प्राप्त अंक 98.42 प्रतिशत है। दीपान्विता की सफलता से पूरा जिला खुश है। दीपान्विता दौलतपुर के उत्तरपाड़ा इलाके में रहती है। उनके माता-पिता दोनों शिक्षक है। पिता जगतपति पाल हरिरामपुर प्रखंड के बेतना रामकृष्णपुर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक है। माता तंद्रा घोष बंसीहारी प्रखंड के दौलतपुर हाई स्कूल में शिक्षिका है। दीपान्विता बचपन से ही प्रतिभाशाली रही है। वह आगे चलकर शोधकर्ता बनना चाहती है। आज जैसे ही नतीजे घोषित हुए स्कूल और पूरे इलाके में खुशी फैल गई। दीपान्विता की पढ़ाई का कोई निश्चित समय नहीं था। वह जब भी मन करता, पढ़ाई करती। पढ़ाई के साथ-साथ दीपन्विता को पेंटिंग और मिट्टी की मूर्तियां बनाने का शौक है।

### श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय की उच्च-माध्यमिक परीक्षा (तृतीय छमाही) का परिणाम घोषित

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय की उच्च-माध्यमिक (तृतीय छमाही) परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय का कुल परिणाम 99 प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कॉमर्स में छात्र रोहित गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं छात्रा नेहा साव ने 93 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र अनुज कुमार प्रसाद एवं मोहम्मद रहमतुल्लाह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रकाश चंद नाहर ने प्रधानाध्यापिका, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गीत ऋषि योगेंद्र शुक्ल 'सुमन' का निधन



**कोलकाता, समाज्ञा :** हिंदी साहित्य जगत के प्रख्यात गीतकार, कवि और शिक्षाविद योगेंद्र शुक्ल 'सुमन' के निधन का समाचार मिलते ही साहित्यिक समुदाय शोकाकुल हो उठा। लंबे समय तक गीत ऋषि योगेंद्र शुक्ल सुमन हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक रहे 'सुमन' जी ने शिक्षा और साहित्य दोनों क्षेत्रों में अपनी अमिट छाप छोड़ी। वे केवल शिक्षक नहीं, बल्कि सैकड़ों विद्यार्थियों और रचनाकारों के प्रेरणास्रोत थे। उनके निधन पर साहित्य, संस्कृति और शिक्षा जगत ने गहरा शोक व्यक्त किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



**सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ पर प्रदेश भाजपा की ओर से 'रन फॉर यूनिटी' आयोजित की गई, जिसमें पूर्व अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा समेत अन्य नेताओं ने भाग लिया।**

### श्री जैन विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित, अंकुश पांडेय और आयुष पांडेय बने टॉपर

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, कोलकाता के हायर सेकेंडरी सेमेस्टर-3 परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित कर दिए गए। इस बार कॉमर्स और साइंस दोनों संकायों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कॉमर्स विभाग में अंकुश पांडेय ने 200 में से 191 अंक (95.5%) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं महेश दिग्गा और हिमांशु साव ने समान 190 अंक (95%) प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पाया। रोहित शर्मा 185 अंकों (92.5%) के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कॉमर्स के कुल 221 विद्यार्थियों में से 20 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 59 छात्रों ने 80 से 89 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए। साइंस विभाग में आयुष पांडेय ने 190 में से 179 अंक (94.21%) प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। एमोन मंडल 176 अंकों (92.63%) के साथ दूसरे और अर्शद इसरार 165 अंकों (86.84%) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। साइंस के कुल 112 विद्यार्थियों में से 2 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 8 छात्रों ने 80 से 89 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। विद्यालय के अध्यक्ष बिनोद कंकड़िया, प्राचार्य एस. के. पांडेय और सचिव मनोज बोथरा ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

### पूर्व रेलवे मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे मुख्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया, जो जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत हुआ। कार्यक्रम में महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने शिरकत की और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अखंडता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक आर.पी. जोशी, सेवानिवृत्त आईएएस सुतिर्थ भट्टाचार्य, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी दीपक निगम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य भाषण में दीपक निगम ने भ्रष्टाचार को देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा बताते हुए सरकार, नागरिक और निजी क्षेत्र को मिलकर इसे समाप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी नागरिकों से उच्चतम ईमानदारी और अखंडता का पालन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में छात्रों और कर्मचारियों को ड्राइंग, निबंध और नारा लेखन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पूर्व रेलवे स्कूल, असनसोल की छात्रा जरीना अंसारी ने भी भ्रष्टाचार उन्मूलन और सतर्कता पर अपने विचार साझा किए।

### वैश्विक तेजी और फंड रोटेशन के बीच भारत रिकवरी के लिए तैयार: पीएल एसेट मैनेजमेंट

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल ग्रुप (प्रभुदास लीलाधर) की एसेट मैनेजमेंट इकाई पीएल एसेट मैनेजमेंट ने अपनी हालिया रिपोर्ट 'पीएमएस स्ट्रैटेजी अपडेट्स एंड इनसाइट्स' में बताया कि सितंबर में दुनिया भर के बाजारों में काफी तेजी देखने को मिली और इसे अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती और चीन के नए प्रोत्साहन उपायों से सपोर्ट मिला। एसएंडपी 500 में 3.1% की बढ़ोतरी हुई, नैस्डैक 5.1% उछला, और हांगकांग का हैंग सेंग 7.1% चढ़ा। सिद्धार्थ वोरा, हेड - क्वांट इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजीज एंड फंड मैनेजर, पीएल एसेट मैनेजमेंट ने कहा, हमें विश्वास है कि भारतीय बाजार एक स्वस्थ सामान्यीकरण चरण में प्रवेश कर रहे हैं। हमारे संकेतक बताते हैं कि जोखिम लेने की क्षमता का चक्र बदल रहा है, जिसे मजबूत घरेलू तरलता, स्थिर मैक्रोइकॉनॉमिक्स, और कमाई में प्रारंभिक पुनरुद्धार के संकेतों का समर्थन मिल रहा है।

### ग्रीन लाइन पर शनिवार से मेट्रो सेवा होगी पहले शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे ने शनिवार को ग्रीन लाइन पर सेवाओं के समय में बदलाव करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था आगामी 1 नवंबर (शनिवार) से प्रभावी होगी। नए समय के अनुसार, शनिवार को ग्रीन लाइन पर कुल 186 सेवाएं (93 अप एवं 93 डाउन) चलाई जाएंगी, जबकि पहले 226 सेवाएं संचालित होती थीं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि सॉल्टलेक सेक्टर त से हावड़ा मैदान के लिए पहली मेट्रो सेवा अब 06:39 बजे के बजाय 06:32 बजे रवाना होगी। वहीं, हावड़ा मैदान से सॉल्टलेक सेक्टर त के लिए पहली सेवा का समय 06:30 बजे पूर्ववत रहेगा। अंतिम सेवाओं के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। अंतिम मेट्रो रात 21:45 बजे हावड़ा मैदान से सॉल्टलेक सेक्टर त और 21:47 बजे सॉल्टलेक सेक्टर त से हावड़ा मैदान के लिए चलेगी। मेट्रो रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे समय में किए गए इन बदलावों को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

### एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी, येलो लाइन पर मेट्रो सेवाएं बढ़ेंगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए येलो लाइन पर सेवाओं की संख्या बढ़ाने और संचालन समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, दफ्तर आने-जाने वाले यात्री तथा एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। नई व्यवस्था 3 नवंबर (सोमवार) से लागू होगी। सोमवार से शुक्रवार तक कुल 120 सेवाएं (60 अप और 60 डाउन) चलाई जाएंगी। अब मेट्रो सेवाएं सुबह 07:18 बजे से रात 21:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगी, जबकि पहले ये 07:55 बजे से 20:17 बजे तक संचालित होती थीं। **पहली मेट्रो**: 07:18 बजे नोआपारा से जय हिन्द विमानबंदर, 07:40 बजे जय हिन्द विमानबंदर से नोआपारा **अंतिम मेट्रो**: 20:58 बजे नोआपारा से जय हिन्द विमानबंदर, 21:18 बजे जय हिन्द विमानबंदर से नोआपारा शनिवार को अब 92 सेवाएं (46 अप और 46 डाउन) चलाई जाएंगी, जबकि पहले केवल 44 सेवाएं थीं। इन दिनों भी सेवा समय बढ़ाकर 07:18 बजे से 21:30 बजे तक कर दिया गया है। **पहली मेट्रो:** 07:18 बजे नोआपारा से जय हिन्द विमानबंदर, 07:40 बजे जय हिन्द विमानबंदर से नोआपारा **अंतिम मेट्रो**: 20:58 बजे नोआपारा से जय हिन्द विमानबंदर, 21:18 बजे जय हिन्द विमानबंदर से नोआपारा मेट्रो रेलवे ने कहा है कि इस विस्तार से एयरपोर्ट तक आने-जाने में यात्रियों को पहले से कहीं अधिक सुविधा मिलेगी।



**बिनायक एनक्लेव पूजा कमिटी द्वारा आयोजित जगद्धात्री पूजा**

### कोलकाता मेट्रो रेलवे में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मेट्रो रेल भवन, कोलकाता में महाप्रबंधक सुभ्रांशु शेखर मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में एकता और समरसता की भावना को सशक्त बनाना था। इस अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन नोआपाड़ा कारशेड और तपन सिन्हा मेमोरियल हॉस्पिटल परिसर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और कर्मचारी संघों के सदस्य शामिल हुए। मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान और देश की अखंडता के प्रति उनके समर्पण को श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित किया गया।

### चिरेका में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी



**चित्तरंजन, समाज्ञा :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें मुख्य आकर्षण रन फॉर यूनिटी रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बी.आर. अंबेडकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से हुआ, जहां महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी को रवाना किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक के साथ सभी विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष, खेलकर्मी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के बाद प्रशासनिक भवन स्थित प्रांगण में महाप्रबंधक ने उपस्थित सभी प्रधान एवं वरीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इसी क्रम में चिरेका के अन्य कार्यालयों और कारखाना परिसर में भी राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

### हावड़ा मंडल का 'अमृत संवाद' और विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 के तहत गहन सफाई अभियान संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे का हावड़ा मंडल विशेष अभियान 5.0 के समापन चरण के अंतर्गत निरंतर जनसेवा और स्वच्छता प्रयासों में सक्रिय रहा। इसी क्रम में 31 अक्टूबर को कामरकुंडु में 'अमृत संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संवाद सत्र में रेलवे कर्मचारियों को कार्यस्थल की दक्षता बढ़ाने, सेवा वितरण में सुधार करने और नागरिकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने के सुझाव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर पारदर्शिता और जवाबदेही जैसे मूल मूल्यों को पुनः सुदृढ़ किया गया। अभियान की गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए मंडल ने अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत गहन स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफार्म, पटरियों, शौचालयों, नालियों और रेलवे परिसर की सड़कों की व्यापक सफाई की गई, जिससे हावड़ा मंडल की स्वच्छता और यात्री सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता परिलक्षित हुई। विशेष अभियान 5.0 के सफल समापन के साथ पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने यह संकल्प दोहराया कि स्वच्छता, कार्यकुशलता और बेहतर जनसेवा की भावना को दैनिक कार्यप्रणाली में निरंतर बनाए रखा जाएगा।

### सियालदह मंडल में स्वच्छता अभियान 2025 का सफल समापन, बड़े पैमाने पर स्वच्छता और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में देशव्यापी स्वच्छता अभियान 2025 के तहत चलाया गया तीन माह लंबा स्वच्छता अभियान शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के अंतिम दिन 31 अक्टूबर को सियालदह मंडल के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा बनगांव जंक्शन, कोलकाता, नैहाटी और दमदम जंक्शन सहित कई स्टेशनों पर स्वच्छता और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के तहत यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने और टिकाऊ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि एक स्वच्छ और स्वस्थ यात्रा वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया और प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। तीन माह के इस सतत प्रयास के सफल समापन के साथ सियालदह मंडल के ईएनएचएम विभाग ने अन्य विभागों के सहयोग से स्वच्छ, हरित और सतत भविष्य की दिशा में पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया।

### दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने शुक्रवार को गार्डन रीच स्थित मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं पहले लोकपाल पिनाकी चंद्र घोष रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा, अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी सुरिंदर पाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री घोष ने पेशेवर ईमानदारी और सतर्कता के महत्व पर जोर देते हुए सभी को किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियों में शामिल न होने की सलाह दी। श्री मिश्रा और श्री मजूमदार ने पारदर्शिता, निष्ठा और सुशासन बढ़ाने के लिए सतर्कता अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। संगोष्ठी के दौरान न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सतर्कता बुलेटिन मर्यादा 2025 का विमोचन किया। कार्यक्रम का समापन मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।

### इंडिया रिसर्च टूर 2025 कोलकाता पहुंचा, प्रमुख संस्थानों में शोध और नवाचार को नई दिशा देने की पहल



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और स्प्रिंगर नेचर द्वारा आयोजित इंडिया रिसर्च टूर 2025 अब कोलकाता पहुंच गया है। इस टूर का उद्देश्य देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में शोध और नवाचार को बढ़ावा देना है। यह टूर भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) कोलकाता में शिक्षकों और शोधकर्ताओं के साथ संवाद किया। इसके बाद जादवपुर विश्वविद्यालय, भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) कोलकाता और एडमास विश्वविद्यालय में भी शिक्षक और शोधकर्ताओं से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह शोध और नवाचार को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर आईआईएम कोलकाता के डायरेक्टर डॉ. आलोक कुमार राय इंडियन काउंसिल फॉर सोशल साइंस रिसर्च के सदस्य सचिव प्रोफेसर धनंजय सिंह ने कहा कि यह टूर सहयोग, क्षमता निर्माण और ज्ञान की समान पहुंच सुनिश्चित करने में मदद करेगा। स्प्रिंगर नेचर इंडिया के प्रबंध निदेशक वेंकटेश सर्वसिद्धि ने बताया कि टूर का उद्देश्य शोधकर्ताओं को नैतिक और जिम्मेदार प्रथाओं के साथ सशक्त बनाना है। टूर 6 अक्टूबर से 13 नवंबर तक 7 राज्यों के 29 संस्थानों में आयोजित किया जा रहा है। यह पहल 'ओपन एक्सेस', शोध की सत्यनिष्ठा और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

### फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0 पर रिपोर्ट



**कोलकाता, समाज्ञा :** फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0 का आयोजन डॉ. अंजलि चटर्जी क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, कोलकाता द्वारा कर्मचारियों के बीच फिटनेस और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। यह कार्यक्रम विक्टोरिया मेमोरियल के पास मैदान ग्राउंड में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, सागरमय सेन शर्मा, जो 1987 से 1997 तक बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर हैं, द्वारा रिबन काटने की रस्म के साथ किया गया। उद्घाटन के बाद, प्रभारी अधिकारी, डॉ. आरती सोरेन, आरओ (एच), एस-4 ने एक गर्मजोशी से स्वागत भाषण दिया और डॉ. गुरुदेव चौबे, आरओ (एच), एस-4 ने अपने प्रेरक भाषण के माध्यम से सभी को फिटनेस को दैनिक दिनचर्या के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन प्रतिष्ठित विक्टोरिया मेमोरियल के चारों ओर फिट इंडिया वॉकथॉन के साथ हुआ, जिसका नेतृत्व डॉ. पार्थ प्रतिम पाल, आरओ (एच), एस-2 और प्रभारी अधिकारी ने किया।

### सरदार पटेल मेमोरियल कमेटी (कोलकाता) ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर किया भव्य आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार सरदार पटेल मेमोरियल कमेटी (कोलकाता) द्वारा सेंट्रल एवेन्यू स्थित सरदार स्मारक पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 400 से अधिक लोग उपस्थित रहे। द सीएजी स्काउट और गाइड ने सरदार स्मारक पर सलामी दी, जबकि कमिटी के सदस्य, उनके परिवारजन, रन फॉर यूनिटी दल तथा कलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया गया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए लोगों ने श्रद्धा और गर्व के साथ स्मारक स्थल पर उपस्थित होकर एकता के प्रतीक सरदार पटेल को नमन किया। सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर इंडियन एयरलाइंस ऑफिस के सामने स्थित यह स्मारक सरदार पटेल मेमोरियल कमिटी के संस्थापक श्री हिरजीभाई भावसार के दो दशक लंबे अथक प्रयासों से वर्ष 2011 में स्थापित हुआ था। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने हिरजीभाई भावसार को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया और 150वीं जयंती की स्मृति में उन्हें कलाई घड़ी भेंट की। आयोजन की सफलता में अध्यक्ष परेश दफ्तरी, सचिव परिमल अजमेरा, उपाध्यक्ष चंद्रेश मेघाणी, सदस्य हेमल दफ्तरी, विरेन शाह, अशोक देसाई, गोपाल राय, निपुण कोठारी, गोपाल ओझा, चंद्रशेखर यादव, जयदीप मुखर्जी, डी.सी.ए.जी. स्काउट लीडर हाथिम दाहोदवाला, दर्शन नागर और विक्की वर्मा सहित अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### कर्सियांग में सड़क हादसे में तीन की मौत, पांच घायल

**दार्जिलिंग :** जिले में एक भयावह सड़क हादसे में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। हादसा गुरुवार रात उस समय हुआ जब एक वाहन कर्सियांग की ओर जाते हुए खाई में जा गिरा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, चालक तेज मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण वाहन सीधे खाई में जा गिरा। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायल यात्रियों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, हादसे के समय पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश हो रही थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वैद्यबाटी में प्रेमिका से मिलने के लिए बम धमाका, चार गिरफ्तार

❑ **यूट्यूब देखकर प्रेमी ने बनाया था बम**



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के श्रीरामपुर थानांतर्गत वैद्यबाटी के द्वारिक जंगल रोड स्थित खामारडांगा इलाके में मंगलवार के तड़के हुए धमाके के मामले में श्रीरामपुर थाने की पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के डीसी (श्रीरामपुर) अर्नब विश्वास ने एक बयान जारी कर बताया कि गिरफ्तार युवकों की पहचान सागर मलिक (20), प्रिंस दुबे (18), प्रोणित पॉल (21) और आयुष जादव (20) के रूप में हुई है। ये सभी चांपदानी और श्रीरामपुर इलाके के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, गत 28 अक्टूबर के तड़के तकरीबन 2.30 बजे वैद्यबाटी के द्वारिक जंगल रोड स्थित खामारडांगा इलाके में फटने जैसी तेज आवाज पर सुनी गई थी। सूचना मिलते ही शेवड़ाफुली पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि स्थानीय निवासी असीम दास के घर की दीवार पर काले धुएं का निशान था। इसके बाद, श्रीरामपुर थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू हुई। जांच के दौरान आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की मदद से चार संदिग्ध युवकों की तस्वीरें सामने आईं। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपित सागर मलिक का एक स्थानीय युवती से प्रेम संबंध था। हाल ही में, दोनों के बीच अनबन हो गई थी और युवती किसी अन्य युवक के संपर्क में आ गई थी। इसी बात से नाराज होकर सागर ने युवती को डराने के इरादे से अपने दोस्तों के साथ मिलकर यह हरकत की। पूछताछ में सागर ने बताया कि उसने यूट्यूब देखकर छोटे-छोटे पटाखों को जोड़कर एक बड़ा पटाखा तैयार किया था। घटना से पहले उसने युवती के घर के अंदर एक टी-शर्ट फेंकी, जो उसे उसी युवती ने उपहार में दी थी। पुलिस ने वह टी-शर्ट जब्त कर ली है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त की है। सीसीटीवी फुटेज से युवती ने सागर की पहचान की है। सभी चारों आरोपितों शुक्रवार को पुलिस ने रिमांड के आवेदन के साथ अदालत में पेश किया। पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

### हिन्दमोटर में जीटी रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा, वैन चालक की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र के हिन्दमोटर स्थित जीटी रोड पर नेताजी सुभाष रोड के सामने शुक्रवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में एक वैन चालक की मौत हो गई। हादसे में एक वैन और चार पहिया वाहन की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे इलाके में शोक की लहर फैल गई। मृतक के भाई के अनुसार, उनका घर उत्तरपाड़ा नगर पालिका के वार्ड नंबर 7 में है। मृतक पेशे से वैन चालक थे। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे वह हिन्दमोटर से बाली की दिशा में वैन रिक्शा लेकर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया गाड़ी ने पहले सड़क किनारे खड़ी एक गाड़ी को टक्कर मारी और फिर घूमकर सीधे उनके वैन रिक्शा से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन चालक को सीने और पीठ में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को उत्तरपाड़ा स्टेट जनरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**CHANGE OF D.O.B**

I, No. 9929607Y, Rank- HAV, Name- Paldan Punchok, Unit No.1 CI DET ECIB, C/o 99 APO, here by declared that my father's Tashi Tsewang D.O.B wrongly mentioned as 17.01.1954 instead of 18.03.1954 and my mother's Tsewang Dolker in D.O.B wrongly mentioned as 15.01.1953 instead of 26.01.1963 my service record that my father's Tashi Tsewang D.O.B is 18.03.1954 and my mother D.O.B is 26.01.1963 by Vide affidavit Notary Public 433 at District Court at Kargil U.T Ladakh Angul on 27.10.2025

### एसएसकेएम में नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी को 3 नवंबर तक पीसी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएसकेएम अस्पताल परिसर में नाबालिग से यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपी को अदालत ने फिर से पुलिस हिरासत में भेज दिया है। अलीपुर विशेष पोक्सो अदालत ने शनिवार को आरोपी को 3 नवंबर तक पुलिस हिरासत में रखने का निर्देश दिया। पुलिस ने आरोपी की पूर्व हिफ़ाज़त अवधि समाप्त होने पर उसे अदालत में पेश किया और पुनः हिरासत की मांग की। बंद कमरे में हुई सुनवाई के बाद अदालत ने पुलिस की याचिका मंज़ूर कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अदालत में पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट और गोपनीय बयान के दस्तावेज़ जमा किए गए हैं। जांच में यह भी पाया गया कि पीड़िता और उसकी मां द्वारा मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान मेडिकल रिपोर्ट से मेल खाते हैं। घटना के दिन आरोपी की गतिविधियों की जांच की जा रही है। पुलिस ने कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं ताकि पता लगाया जा सके कि आरोपी उस दिन कहां-कहां गया था। फिलहाल जांच पूरी रफ़्तार से जारी है। पीड़िता और आरोपी द्वारा घटना के समय पहने गए कपड़े जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एलएस_58_डब्ल्यू सी_एफएलटीआरईपी_25_आर1, दिनांक: 29.10.2025.** मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा- 711204 , द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए तकनीकी क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम :** सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ के फोर्कलिफ्ट्स जिनके एमएंडपी नं. एचपी-1039, एचपी-1046, एचपी-1047 और एचपी-1048 हैं, उनके लिए एस-4 इंजन की ओवरहॉलिंग और असेंबली, क्लच असेंबली, कंप्लीट ब्रेक असेंबली, हाइड्रोलिक सिस्टम, गियर असेंबली, इलेक्ट्रिक वायरिंग और एक्सेसरीज़ फिटिंग और काम के दायरे के अनुसार अन्य मरम्मत का काम ओपन टेंडर के आधार पर वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट के ज़रिए। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 9,39,870.00; **बयाना राशि (रु):** 18,800.00; **निविदा दस्तावेज़ की लागत:** रु. 0.00; **समापन की अवधि :** 4 महीने; **प्रस्ताव की वैधता :** 60 (दिन); **बोली का प्रकार:** सामान्य निविदा; **निविदा की प्रकार:** खुला; **बोली प्रणाली:** सिंगल पैकेट सिस्टम; **निविदा अपलोड करने की तारीख और समय:** दिनांक 29.10.2025, 16:29 बजे; **प्री-बिड कॉन्फ्रेंस आवश्यकता :** नहीं; **निविदा अनुभाग:** एल एस अनुभाग; **अनुबंध श्रेणी:** व्यय; **व्यय का प्रकार :** कैपिटल (डब्ल्यूएमएस); **बोली लगाने की स्टाइल:** हर शेड्यूल आइटम के लिए सिंगल रेट; **अनुबंध का प्रकार:** वर्क्स-जनरल; **बोली प्रारंभ तिथि :** दिनांक 07.11.2025; **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** दिनांक 21.11.2025 ,12.00 बजे। बोली लगाने वाले अपनी मूल/संशोधित बोलियां सिर्फ़ समापन तिथि और समय तक ही जमा करें। इस **निविदा** के लिए मैनुअल ऑफर की इजाज़त नहीं है, और ऐसा कोई भी मैनुअल ऑफर मिलने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। (MISC-261/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# चंदननगर में जगद्धात्री पूजा अंतिम चरण में, आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**हुगली, समाज्ञा :** बिजली का शहर कहे जाने वाले चंदननगर में विश्वविख्यात जगद्धात्री पूजा अब अपने अंतिम चरण में पहुँच चुकी है। आगामी 1 नवंबर को यहां एक भव्य कार्निवल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर पूरे शहर में तैयारियाँ जोरों पर हैं। पूरे नगर में बिजली चालित लाइटों की जगमगाहट देखने लायक है। शोभायात्रा में एक से बढ़कर एक कलाकृतियाँ, थीम आधारित झांकियाँ और रोशनी का तिलिस्म दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। विसर्जन के समय भक्तजन नम आँखों से माँ को विदाई देंगे, लेकिन हर वर्ष की तरह यह क्षण भी यादगार बनेगा। शोभायात्रा में बैंड-बाजा, पारंपरिक नृत्य और बंगाल की लोक संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। ढाक की थाप पर थिरकते श्रद्धालु कतारबद्ध होकर गंगा घाटों तक पहुँचेंगे। माँ जगद्धात्री की भक्ति और उत्साह से भरा यह दृश्य पूरे शहर को भक्ति और उमंग के रंगों में सराबोर कर देगा। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। विसर्जन को यादगार बनाने के लिए पुलिस के आला अधिकारी, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि, मंत्रीगण, विदेशी अतिथि तथा हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहेंगे।

# उत्तर बंगाल की पहाड़ियों में लगातार भूस्खलन पर एनजीटी ने केंद्र और राज्य से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर बंगाल की पहाड़ियों में लगातार हो रहे भूस्खलनों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। इन भूस्खलनों के कारण साल भर के अलग-अलग समय पर वहां सामान्य जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। एक अधिकारी ने शुक्रवार की सुबह इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एनजीटी की पूर्वी क्षेत्रीय पीठ में इस मामले की विस्तृत सुनवाई 22 दिसंबर को कोलकाता में होगी। तब तक केंद्र और राज्य सरकारों को अपनी-अपनी रिपोर्टें अधिकरण में जमा करनी होंगी। एनजीटी ने जिन एजेंसियों से रिपोर्ट मांगी है, उनमें केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गोविंद बल्लभ पंत हिमालयन पर्यावरण संस्थान और वाडिया हिमालयन भूविज्ञान संस्थान शामिल हैं। अधिकरण ने विभिन्न मीडिया रिपोर्टों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि पहाड़ियों में अंधाधुंध वनों की कटाई और अनियंत्रित रियल एस्टेट विकास गतिविधियां भूस्खलनों की मुख्य वजह बनती जा रही हैं। एनजीटी ने उत्तर बंगाल की पहाड़ियों को राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इस दिशा में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया।

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल से चलने वाली 06 पैसेंजर कैरिंग ट्रेनों में 07 एसएलआर डिब्बों और पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करने की सूचना**

रेलवे प्रशासन हावड़ा मंडल से चलने वाली 06 पैसेंजर कैरिंग ट्रेनों के 07 एसएलआर डिब्बों को आईआरपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से 03 (तीन) साल के लिए पट्टे पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करता है। विस्तृत नियम और शर्तों वाली नीलामी सूची **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। तत्काल ई-नीलामी के लिए बोलियाँ **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी सूची विवरण: नीलामी सूची सं.: पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-25-11ए; कम्पार्टमेंट:** 06 पैसेंजर कैरिंग ट्रेनों में 07 एसएलआर डिब्बे; **नीलामी प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 03.11.2025 14:00 बजे।

(HWH-366/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हावड़ा

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## ‘गुजराती गिरोह’ की एक महिला सदस्य, 9 लाख से अधिक चोरी की रकम बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर में ‘गुजराती गिरोह’ की एक महिला सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 9 लाख रुपये की चोरी की नकदी बरामद की गई है। बताया गया है कि गत 25 अक्टूबर की दोपहर, कनाई जायसवाल हावड़ा बस स्टैंड से एक बस में सवार हुए। उन्हें चलतबागान जाना था। आरोप है कि चलती बस में उसके बैग से 9 लाख 5 हजार 200 रुपये गायब हो गए। कनाई जायसवाल द्वारा अम्हर्स्ट स्ट्रीट थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज की गई। शिकायत के आधार पर, अम्हर्स्ट स्ट्रीट थाने की पुलिस ने एक जांच शुरू की। कोलकाता पुलिस वॉच सेक्शन ने भी जांच की। विभिन्न स्थानों से कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच करने के बाद, पुलिस ने गत 27 अक्टूबर को रिषड़ा से एक महिला को गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम राधा माली (30) है। वह मूल रूप से गुजरात की निवासी है। और हुगली के रिषड़ा में किराए के मकान में रहती है। पुलिस ने गिरफ्तार महिला से पूछताछ की और चोरी की रकम बरामद की। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार राधा माली कुख्यात गुजराती गिरोह की सक्रिय सदस्य है। इस गिरोह के कई सदस्यों को कोलकाता पुलिस पहले भी कई बार गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार राधा मलिक को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया और पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

# पोस्ता में चोरी के मामले में टेलीविजन अभिनेत्री रूपा दत्त गिरफ्तार

**पुलिस ने अभिनेत्री के घर से छापेमारी कर 62.95 ग्राम सोना बरामद की**



**कोलकाता, समाज्ञा :** टेलीविजन अभिनेत्री रुपा दत्त को पोस्ता थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गत 15 अक्टूबर को बड़ाबाजार के आड़ी बांसतल्ला लेन में स्थित संलग्न नंदराम मार्केट में एक दुकान में दीपा अग्रवाल नाम की एक जब वह खरीदारी कर रही तभी उनका काफी सामान चोरी हो गया। ऐसे में पीड़िता ने 20 ग्राम सोने का मंगल सूत्र, वैष्णो देवी के लॉकेट से सजी 21 ग्राम की महिलाओं की गले की चेन, 13 और 9 ग्राम के दो सोने के कंगन, और 4,000 रुपये नकद चोरी होने की एक रिपोर्ट पोस्ता थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने जब सीसीटीवी की जांच की तो पुलिस के हाथ बड़ा सुराग लग गया। पुलिस सुराग के तहत जाल बिछाकर रखा और रुपा दत्त को बड़ाबाजार इलाके से इसी तरह की एक वारदात को अंजाम देने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। फिर, उसके बताये गए स्थान पर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस सीधे उसके गरियाहाट स्थित 63 बी गरचा रोड स्थित आवास तक पहुंच गई, जहां पुलिस टीम ने घर से चोरी की गई सभी चीजे बरामद कर ली।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्लू-I। दिनांक: 30.10.2025,** मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित किए जाते हैं: **निविदा सं.: टीएन-132-25-26; कार्य का नाम :** डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में कृष्णानगर-लाल गोला सेक्शन में आरसीसी बॉक्स और छत पर आरसीसीयू-ट्रफ के साथ लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) बनाकर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 98 और लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 119 को खत्म करना। **निविदा मूल्य :** रु. 16,96,24,515.90; **ईएमडी :** रु. 9,98,100.00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 24.11.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की पूर्णता अवधि:** 06 (छह) महीने। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 24.11.2025 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज और विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा के लिए बोलियाँ उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। (SDAH-242/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न शाखाओं में रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

अभियांत्रिकी, ऊपरी उपस्कर और संकेत एवं दूरसंचार रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल की विभिन्न शाखाओं में दिनांक **02.11.2025 (रविवार) को दिन के समय ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:

● **निरस्तीकरण [दिनांक 02.11.2025 (रविवार)]: (1) हावड़ा से** - 37055, 37249, 37363, 36823 **(2) बैण्डेल से** - 37246, 37749 **(3) बर्द्धमान से** - 36834 **(4) सेवड़ाफुली से** - 37056 **(5) आरामबाग से** - 37364, 37396 **(6) कटवा से** - 37748 ● **पुनर्निर्धारण [दिनांक 02.11.2025 (रविवार)]: (1) 53009 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर** ट्रेन **कटवा से** 12.00 बजे के स्थान पर **12.30 बजे** पुनर्निर्धारित की जाएगी। **(2) 12338 बोलपुर-हावड़ा शांतिनिकेतन एक्सप्रेस** ट्रेन **बोलपुर से** 13.15 बजे के स्थान पर **13.50 बजे** पुनर्निर्धारित की जाएगी। ● **नियंत्रण [दिनांक 02.11.2025 (रविवार)]: 13016 डाउन जमालपुर-हावड़ा कवि गुरु एक्सप्रेस** ट्रेन मार्ग में 25 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त [दिनांक 02.11.2025 (रविवार)]: 37365 हावड़ा-आरामबाग लोकल** तारकेश्वर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी।

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेनें/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में आवश्यकतानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

### आज ही तुलसी विवाह एवं एकादशी व्रत मनाया जाना चाहिए : पं. मालीराम शास्त्री

**हावड़ा, समाज्ञा :** क्योंकि तुलसी विवाह देवप्रबोधनी एकादशी पर प्रदोष काल में सम्पन्न होता है। अत: शनिवार को ही एकादशी व्रत एवं तुलसी विवाह उत्सव दोनों को मनाया जाना चाहिए। विशिष्ट ज्योतिर्विद पंडित मालीराम शास्त्री ने इस संदर्भ में लोगों के संशय का निदान करते हुए बताया कि सूर्य सिद्धांत के अनुसार द्वादशी तिथि का क्षय है और छय तिथि में व्रत का पारण नही होता है। अत: दिनांक 2 नवंबर रविवार को एकादशी तिथि मान्य नहीं हो सकती है। यदि रविवार को द्वादशी तिथि का क्षय नहीं होता और सूर्योदय काल में एकादशी तिथि का संयोग भी होता तो रविवार को एकादशी व्रत करना उत्तम होता। अत: शास्त्र प्रमाण मानते हुए शनिवार को ही एकादशी व्रत एवं तुलसी विवाह उत्सव दोनों मनाया जाना चाहिए।

## दुर्गापुर में जलाशय से तीन दिनों से लापता युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद



**दुर्गापुर :** दुर्गापुर स्थित डीपीएल फैक्ट्री के प्रशासनिक भवन के पास जंगल से घिरे एक जलाशय से शुक्रवार को तीन दिनों से लापता एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। परिवार ने आरोप लगाया कि बेटे की हत्या की गई है। इस घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है। पुलिस और पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान करण चौहान (22) के रूप में की गई है। वह कोकोवन थाना क्षेत्र का निवासी था। पता चला है कि करण मंगलवार, छठ पूजा के दिन से लापता था। परिवार ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दिन, सुबह में शव जलाशय से बरामद किया गया। परिवार ने आरोप लगाया कि हत्या कर शव को जलाशय में फेंका गया है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत कैसे हुई, इसे लेकर संशय बना हुआ है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या करण से किसी की दुश्मनी थी। अगर युवक की हत्या हुई है, तो जांचकर्ता इसके कारणों की भी जांच कर रहे हैं। पुलिस ने अभी तक कुछ नहीं कहा है। जांचकर्ताओं ने कहा कि प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। करण के परिवार ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## आगरपाड़ा में बिहार निवासी एक इंजीनियरिंग छात्र का झूलता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के खड़दह थाना अंतर्गत आगरपाड़ा में एक इंजीनियरिंग छात्र की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। शुक्रवार को हॉस्टल के एक कमरे से उसका लटकता शव बरामद किया गया। मृतक का पहचान गुलशन कुमार के रूप में की गई है। पता चला है कि बिहार का रहने वाला यह छात्र आगरपाड़ा के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज का छात्र था। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि उसने आत्महत्या की या उसकी हत्या हुई। खड़दह थाने की पुलिस ने मौके पर जाकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही जांच भी की। मृतक छात्र के तीन रूममेट्स से पूछताछ की गई है। पता चला है कि बिहार के गोरखपुर का रहने वाला छात्र गुलशन कुमार अगरपाड़ा के एक छात्रावास में तीन सहपाठियों के साथ रह रहा था। उसने करीब तीन महीने पहले आगरपाड़ा के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला लिया था। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग का द्वितीय वर्ष का छात्र गुलशन छात्रावास के एक कमरे में अकेला रहता था। उसके दो सहपाठी बगल के कमरे में रहते थे। इस दिन, सुबह से उसके कमरे का दरवाजा बंद था। दोपहर में खटखटाने के बाद भी जब उसने दरवाजा नहीं खोला, तो उसके दोस्तों ने दरवाजा तोड़ दिया और अंदर प्रवेश किया। उन्होंने गुलशन को कमरे में लटका हुआ पाया। पुलिस को तुरंत सूचित किया गया। तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरे राज्य के छात्र की मौत से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

**पूर्व रेलवे**

**सं. ईएलईजी / जीएसयू / ओटी / ई-टेंडर नोटिस / 013 / 2025 - 26; दिनांक : 29.10.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(जीएसयू)/ई, पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के संबंध में निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:- **(1) निविदा सं.: ईएलईजी-जीएसयू-ओटी-19-2025-26; कार्य का विवरण:** सरगाछी (एसजीवी) और कासिमबाजार (सीएसजेड) में सभी मौसमों के लिए उपयुक्त पूरी तरह से ढका हुआ सामान शेड का प्रावधान; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु. 0.00; **निविदा मूल्य:** रु. 1,43,18,692.30; **बयाना राशि:** रु. 2,21,600.00; **समापन अवधि:** 08 माह; **(2) निविदा सं. : ईएलईजी-जीएसयू-ओटी-20-2025-26; कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल में चितपुर (सीपी) में ट्रिप शेड और एनएसएस/एसडीएच में पुरानी सिकलाइन को बढ़ाने का प्रस्ताव; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु. 0.00; **निविदा मूल्य:** रु. 1,81,80,405.00; **बयाना राशि:** रु. 2,40,900.00; **समापन अवधि:** 12 महीने; **निविदा प्रकाशन तिथि:** 29.10.2025; **निविदा समापन तिथि एवं समय:** 20.11.2025 14.00 बजे; **निविदा बोली खोलने की तिथि एवं समय:** 06.11.2025, 14.00 बजे के बाद; **निविदा बोली शुरू होने की तिथि:** 06.11.2025. समय-समय पर जारी निविदा सूचना और शुद्धिपत्र का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (SDAH-243/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**रास यात्रा उत्सव के दौरान सियालदह मंडल के तहत ट्रेन संचालन की विशेष व्यवस्थाएं**

रास यात्रा उत्सव के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ से निपटने हेतु, सियालदह-शांतिपुर अनुभाग में **दिनांक 06/07.11.2025** एवं **07/08.11.2025** की मध्यवर्ती रातों को एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी तथा कालीनाराणपुर-शांतिपुर अनुभाग के **बाथना कृत्तिबास हॉल्ट** स्टेशन में चार दिनों के लिए अर्थात् **दिनांक 05.11.2025 से 08.11.2025 तक** 12 (बारह) अप ट्रेनों तथा 10 (दस) डाउन ट्रेनों का अस्थाई रूप से अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जाएगा। विवरण नीचे उल्लेखित हैं:

**सियालदह एवं शांतिपुर के बीच एक जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेन की अनुसूची**

| अप ईएमयू स्पेशल | स्टेशन | डाउन ईएमयू स्पेशल |
|---|---|---|
| 21.06 बजे | ↓ सियालदह | 02.35 बजे |
| 21.17-18 बजे | दमदम जंक्शन | 02.20 बजे |
| 21.40-41 बजे | बैरकपुर | 01.56-57 बजे |
| 22.11-12 बजे | नैहाटी | 01.28-29 बजे |
| 22.25 बजे | कल्याणी | 01.16 बजे |
| 23.02-03 बजे | रानाघाट | 00.38-39 बजे |
| 23.12 बजे | कालीनाराणपुर | 00.31 बजे |
| 23.16 बजे | हबीबपुर | 00.26 बजे |
| 23.20 बजे | फुलिया | 00.22 बजे |
| 23.25-26 बजे | बाथना कृत्तिबास | 00.15-16 बजे |
| 23.32 बजे | शांतिपुर ↑ | 00.10 बजे |

ईएमयू स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में सभी स्टेशनों के साथ फ्लैग एवं हॉल्ट स्टेशनों पर ठहरेंगी।

**बाथना कृत्तिबास हॉल्ट स्टेशन में (दिनांक 05.11.2025 से 08.11.2025 तक) ईएमयू ट्रेनों के अस्थाई अतिरिक्त ठहराव की समय-सूची**

| अप ईएमयू ट्रेनें | समय-सूची | डाउन ईएमयू ट्रेनें | समय-सूची |
|---|---|---|---|
| 31541 सियालदह-शांतिपुर | 00.47 | 31512 शांतिपुर-सियालदह | 03.26 |
| 31585 रानाघाट-कृष्णनगर | 07.09 | 31784 शांतिपुर-रानाघाट | 10.50 |
| 31513 सियालदह-शांतिपुर | 08.03 | 31524 शांतिपुर-सियालदह | 11.34 |
| 33752 बनगाँव जं.-शांतिपुर | 12.20 | 33751 शांतिपुर-बनगाँव जं.. | 12.43 |
| 31519 सियालदह-शांतिपुर | 12.43 | 31786 शांतिपुर-रानाघाट | 14.11 |
| 31783 रानाघाट-शांतिपुर | 13.24 | 31528 शांतिपुर-सियालदह | 14.31 |
| 31523 सियालदह-शांतिपुर | 15.11 | 31536 शांतिपुर-सियालदह | 19.56 |
| 31525 सियालदह-शांतिपुर | 16.30 | 31538 शांतिपुर-सियालदह | 20.59 |
| 31533 सियालदह-शांतिपुर | 21.03 | 31540 शांतिपुर-सियालदह | 21.34 |
| 31535 सियालदह-शांतिपुर | 22.03 | 31542 शांतिपुर-सियालदह | 22.49 |
| 31537 सियालदह-शांतिपुर | 22.56 | - | - |
| 31539 सियालदह-शांतिपुर | 23.58 | - | - |

मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पश्चिम बंगाल-सिक्किम प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न



**हावड़ा, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल-सिक्किम प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा सोहोटल, रंगोली मॉल, बेलूर में आयोजित दीपावली मिलन समारोह- 2025 बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष सुमित जिंदल एवं प्रांतीय संयोजक उमंग झुनझुनवाला की उपस्थिति सभी सदस्यों के लिए प्रेरणादायक रही। पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष संथालिया, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रमोद जैन, बिमल चौधरी, प्रमोद अग्रवाल और धर्मराज महेश्वरी ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में मंडल के वरिष्ठ सदस्य मनोज गोयल, गोपाल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, गोविंद टिबरेवाल, सभी शाखा पदाधिकारी और सभी सदस्य उपस्थित रहे। संगठन की टीम भावना, अनुशासन और सक्रिय सहयोग के कारण यह समारोह स्वच्छ, गरिमामय और प्रभावशाली रूप से संपन्न हुआ। प्रांतीय उपाध्यक्ष रोहित सरावागी और प्रांतीय सहायक मंत्री सोनम टिबरेवाल ने सभी सदस्यों और सहयोगियों के योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# हावड़ा सदर जिला भाजपा ने ‘रन फॉर यूनिटी’ का किया आयोजन




**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सदर जिला भाजपा की ओर से भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के समर्थन में शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ जिला अध्यक्ष गौरांग भट्टाचार्य के नेतृत्व में डूमरजला स्टेडियम से मंदिरतला बस स्टैंड तक निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बंगाल भाजपा के उपाध्यक्ष संजय सिंह और भाजपा नेता अनुपम मलिक ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर हावड़ा जिला भाजपा के महासचिव शैरेंद्र सामंता, दीपक राय, प्रभाकर पंडित तथा भाजपा के सचिव प्रमोद सिंह, ओम प्रकाश सिंह, तुहिन कर और सुकमाल घोष सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दौड़ के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहें और सरदार पटेल को प्रणाम के नारे लगाए। कार्यक्रम का समापन मंदिरतला में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, जहां सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति संकल्प दोहराया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भोजपुर में पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

**आरा:** बिहार के भोजपुर जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान प्रमोद और उनके बेटे प्रियांशु के रूप में हुई है। दोनों भोजपुर जिले के पियानिया गांव के निवासी थे। पुलिस के मुताबिक यह घटना बृहस्पतिवार देर रात बेला घाट में हुई, जो मुफस्सिल थाना क्षेत्र में आता है। भोजपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्रीराज ने बताया कि घटना के पीछे का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रारंभिक जांच के आधार पर प्रेम प्रसंग की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

### गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार से शुरू होगा प्रथम पुस्तक महोत्सव, नौ नवंबर तक चलेगा

**गोरखपुर, (उप्र):** गोरखपुर पुस्तक महोत्सव के रूप में साहित्यिक महाकुंभ का आयोजन यहां दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में होने जा रहा है जिसका उद्घाटन एक नवंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में 'प्रथम गोरखपुर पुस्तक महोत्सव' का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन नगर की गहरी आध्यात्मिक, कलात्मक और साहित्यिक विरासत का एक भव्य उत्सव होगा। नौ नवंबर तक चलने वाले पुस्तक महोत्सव में आमजन प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से रात आठ बजे तक शामिल हो सकेंगे। इसमें सभी के लिए प्रवेश नि:शुल्क होगा।

### गिरफ्तार आदिवासियों की रिहाई न होने पर कोल्हान बंद किया जाएगा: चंपई सोरेन

**जमशेदपुर:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि अगर चाईबासा में हाल ही में हुए लाठीचार्ज के सिलसिले में आदिवासियों के खिलाफ दर्ज मामले तुरंत वापस नहीं लिए गए तो झारखंड के खनिज समृद्ध कोल्हान क्षेत्र में अनिश्चितकालीन बंद शुरू किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को यहां एक बयान में कहा, अगर गिरफ्तार लोगों को तुरंत रिहा नहीं किया गया और उनके खिलाफ दर्ज मामले वापस नहीं लिए गए तो हम अनिश्चित काल तक झारखंड के पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों से बने कोल्हान प्रमंडल से एक भी पत्थर की ढुलाई नहीं होने देंगे।

# राजग का घोषणा पत्र जारी : रोजगार, औद्योगिक निवेश और महिला सशक्तिकरण पर फोकस

**पटना:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें रोजगार, औद्योगिक निवेश, कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत संरचना विकास को केंद्र में रखते हुए 20 ठोस 'संकल्पों' की घोषणा की गई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में संवाददाता सम्मेलन कर घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि इसे देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जारी किया गया है। चौधरी ने कहा कि राजग बिहार को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों में राज्य के एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का संकल्प लिया गया है। प्रत्येक जिले में स्थापित कौशल केंद्रों को 'वैश्विक कौशल केंद्र' के रूप में विकसित किया जाएगा।




महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 'एक करोड़ लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी और उनके हितों की रक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित किया जाएगा। कृषि क्षेत्र में 'कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि' योजना लागू की जाएगी, जिसमें किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी दी जाएगी और कृषि अवसंरचना में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। राजग ने सात नए एक्सप्रेसवे के निर्माण और उत्तर बिहार को बाढ़ से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। फ्लड टू फॉर्च्यून मॉडल के तहत कृषि और मत्स्य पालन को नयी दिशा दी जाएगी। शहरी विकास के तहत चार शहरों में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने और राजधानी क्षेत्र में 'न्यू पटना' नामक हरित परियोजना विकसित करने की घोषणा की गई है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सीतामढ़ी के पुनौरा धाम जानकी मंदिर को 'सीतापुरम' के रूप में विकसित किया जाएगा। विदेशी उड़ानें शुरू करने, नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और 10 औद्योगिक पार्क स्थापित करने की भी योजना है। प्रत्येक जिले में फैक्टरी व विनिर्माण इकाइयां शुरू की जाएंगी। राजग ने पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। शिक्षा के क्षेत्र में केजी से पीजी तक निशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए 2,000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का वादा किया गया है। प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। गरीब और वंचित वर्गों के लिए 'पंचामृत गारंटी' के तहत मुफ्त राशन, पांच लाख रुपये तक मुफ्त उपचार, 50 लाख पक्के मकान और सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सुविधा दी जाएगी। खेल क्षेत्र में 'बिहार स्पोर्ट्स सिटी' के निर्माण की योजना है।

### अखिलेश यादव बिहार में खेसारी लाल यादव के लिए प्रचार करेंगे

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि वह बिहार में भोजपुरी फिल्म स्टार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार खेसारी लाल यादव के लिए प्रचार करेंगे । उन्होंने बिहार की बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति और सरकार की कथित नाकामियों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन पर तीखा हमला किया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने फिल्म स्टार और गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन पर उनके निर्वाचन क्षेत्र की तुलना स्पेन से करने को लेकर भी निशाना साधा। यहां समाजवादी पार्टी मुख्यालय में एक पत्रकार वार्ता में यादव ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार उन्हीं मुद्दों को हल करने में नाकाम रही है जिन्हें वह अब बिहार में उठा रही है। यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कहा,' भाजपा जिन मुद्दों को उठा रही है। उसके लिए भाजपा की केन्द्र सरकार ने इतने वर्षों में क्या किया।

## न्यूज अपडेट

### खराब मौसम में भी नहीं थमे नीतीश कुमार, 11 निर्वाचन क्षेत्रों में किया रोड शो एवं जनसंपर्क



**पटना:** खराब मौसम और हेलीकॉप्टर उड़ान में बाधा के बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशियों के समर्थन में सड़क मार्ग से ही प्रचार अभियान जारी रखा। उन्होंने 250 किलोमीटर से अधिक की लंबी यात्रा कर समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी जिलों के 11 विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो, नुक्कड़ सभाएं एव जनसंपर्क किया। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा भी मौजूद थे। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने रास्ते में जनता का अभिवादन किया। विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों ने उन्हें पारंपरिक पाग, शाल और माला पहनाकर स्वागत किया। इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने प्रत्याशियों को जीत की शुभकामनाएं दीं और जनता से राजग के पक्ष में मतदान की अपील की। समस्तीपुर में उनके आगमन के लिए राधाकृष्ण मंडल गोविंद गोस्वामी कॉलेज परिसर में जनसभा की पूरी तैयारी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण सभा रद्द करनी पड़ी। इसके बावजूद मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम रद्द नहीं किया और सड़क मार्ग से समस्तीपुर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। दलसिंहसराय से विभूतिपुर के रास्ते में नीतीश कुमार ने अपनी कार से उतरकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया और जदयू प्रत्याशी रामबालक को माला पहनाकर समर्थन जताया। इसके बाद उन्होंने दरभंगा और मधुबनी की ओर रुख किया। समस्तीपुर जिले के मोरवा, उजियारपुर, विभूतिपुर, रोसड़ा और वारिसनगर में जनता से मुलाकात करने के बाद मुख्यमंत्री ने दरभंगा में बेनीपुर, अलीनगर, कुशेश्वरस्थान और दरभंगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोड शो किया, जहां भारी भीड़ उमड़ी। अलीनगर में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर के समर्थन में प्रचार किया।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 'फॉर्च्यूनर' कार खाई में गिरने से एक युवक की मौत, तीन अन्य घायल



**सुलतानपुर (उप्र):** छठ पर्व मनाने के बाद आजमगढ़ से लखनऊ वापस जा रहे एक परिवार की गाड़ी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर खाई में गिरने से कार चालक युवक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बल्दीराय थानाक्षेत्र में बृहस्पतिवार रात लगभग 11 बजे एक 'फॉर्च्यूनर' कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। एक नवजात बच्ची बाल बाल बच गई। बल्दीराय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अजय प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस एक युवक को घायल अवस्था में अस्पताल लाई थी, जिसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। सिंह के अनुसार अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### झारखंड सरकार ने ट्यूनीशिया में फंसे राज्य के 48 प्रवासी श्रमिकों से संपर्क स्थापित किया

**रांची:** झारखंड श्रम विभाग भारतीय दूतावास के माध्यम से उत्तरी अफ्रीका के ट्यूनीशिया में फंसे राज्य के 48 प्रवासी श्रमिकों से संपर्क स्थापित करने में कामयाब रहा है और उनके दस्तावेजों का सत्यापन कर रहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। झारखंड श्रम विभाग के अंतर्गत प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम लीडर शिखा लाकड़ा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद वे प्रवासी श्रमिकों से संपर्क स्थापित करने में सफल रहे हैं और ट्यूनीशिया में भारतीय दूतावास के साथ भी संपर्क में हैं। लाकड़ा ने कहा, हमने कथित तौर पर एक निजी कंपनी के माध्यम से ट्यूनीशिया में फंसे प्रवासी श्रमिकों से बात की है और उनके दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। हम उनकी सुरक्षित वापसी की व्यवस्था के लिए ट्यूनीशिया स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों के संपर्क में भी हैं।

## उपराष्ट्रपति ने वाराणसी में किया एक धर्मशाला का उद्घाटन



**वाराणसी (उप्र):** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्ण ने शुक्रवार को यहां श्री काशी नाटकोट्टई नगर क्षत्रम द्वारा निर्मित एक धर्मशाला का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर उद्घाटन किया। उपराष्ट्रपति ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 140 कमरों वाला 10 मंजिला क्षत्रम (धर्मशाला), सोसायटी द्वारा वाराणसी में निर्मित दूसरी सुविधा है। राधाकृष्णन ने लिखा, ''आज वाराणसी की पवित्र भूमि पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ श्रीकाशी नाटकोट्टई नगर क्षत्रम मैनेजिंग सोसाइटी द्वारा निर्मित धर्मशाला का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है।'' सी पी राधाकृष्णन ने कहा, इसका (इस धर्मशाला) मकसद आने वाले भक्तों की सेवा करना और युवा पीढ़ी को इस पवित्र शहर आने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह पहल काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रिश्ते को दिखाती है, जो एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना में काशी-तमिल के गहरे जुड़ाव का प्रतीक है।' इससे पहले एक पोस्ट में, उपराष्ट्रपति ने कहा था, 'आज वाराणसी की पवित्र धरती पर आकर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य गणमान्य लोगों द्वारा लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअडडे पर गर्मजोशी से स्वागत किए जाने पर बहुत खुशी हुई।'

### अदालत ने भारत में गैर-कानूनी तरीके से घुसने की आरापी उज्बेक महिला को जेल भेजा

**महाराजगंज (उप्र):** महाराजगंज जिले की एक अदालत ने नेपाल से भारत में गैर-कानूनी तरीके से घुसने के आरोप में 33 साल की उज़्बेक महिला को दस महीने और दस दिन की जेल की सज़ा सुनाई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अदालत ने अभियुक्त पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियुक्त की पहचान उज्बेकिस्तान की रहने वाली दिलबर राखिमोवा के तौर पर हुई है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, यह मामला 14 अगस्त, 2023 का है, जब भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली शहर में पुलिस ने एक महिला को पकड़ा था, जिसके विदेशी नागरिक होने का शक था।

## बाहुबली शहाबुद्दीन के बेटे एवं राजद प्रत्याशी ओसामा को नहीं जीतने दें: योगी की मतदाताओं से अपील



**सीवान:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी और दिवंगत बाहुबली शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा पर रामायण के किरदारों-- राक्षस मारीच और सुबाहु का नाम लेकर तीखा प्रहार किया। बिहार के सीवान विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस और राजद ने न केवल बिहार में विकास कार्यों को रोका, बल्कि मां सीता के मंदिर के निर्माण का भी विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में लंबे समय तक परिवारवाद और माफिया राज हावी रहा है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में हमने माफियाओं का कचूमर निकालकर उन्हें जहन्नुम का रास्ता दिखा दिया है। बिहार में भी अब माफियाओं और अपराधियों की वापसी नहीं होने देनी है। यह बिहार की अस्मिता की लड़ाई है। योगी ने आगे कहा, मैं परसों रघुनाथपुर आया था। यहां एक खानदानी माफिया फिर से पैर जमाने की कोशिश कर रहा है। हमारी सीता मैया की धरती से जुड़े बिहार में अब कोई मारीच और सुबाहु फिर से सिर न उठा सके, यह हमें सुनिश्चित करना है। उन्होंने बिना नाम लिए राजद प्रत्याशी ओसामा पर हमला करते हुए कहा कि जिस उम्मीदवार को राजद ने टिकट दिया है, उसकी खानदानी आपराधिक छवि पूरे देश में जानी जाती है।

## बिहार में राजद के 'अंधकार युग' और राजग के 'विकास युग' के बीच चुनावी मुकाबला: नड्डा



**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 'राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जंगलराज वाले अंधकार युग' और 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के विकासमय उजाले' के बीच की लड़ाई है। पटना जिले के बिक्रम में एक चुनावी सभा में नड्डा ने कहा कि ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ा है और हमें इस राह को सुरक्षित रखना है।' उन्होंने कहा, 'राजग के चुनाव घोषणा पत्र में एक करोड़ सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगार अवसरों की गारंटी दी गई है। अगर गठबंधन दोबारा सत्ता में आता है तो बिहार के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।'' नड्डा ने बताया कि घोषणा पत्र में किसानों के लिए 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' का नाम बदलकर 'कर्पूरी ठाकुर सम्मान निधि' करने का भी प्रस्ताव है, जिसके तहत किसानों को साल भर में तीन बराबर किस्तों में कुल 9,000 रुपए मिलेंगे। पहले किसानों को तीन बार 2,000 रुपए की किस्त दी जाती थी। राजद पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 'राजद का मतलब है-- रंगदारी, जंगलराज और दबंगई।' उन्होंने कहा कि राजद नेता तेजस्वी यादव बिहार में पलायन का मुद्दा उठाते हैं, जबकि उनके पिता लालू प्रसाद स्वयं कहा करते थे कि 'बिहारी बाहर जाते हैं तो गमछा पहनकर और लौटते हैं तो सूट-टाई में।' नड्डा ने कहा कि एक समय ऐसा था जब बिहार के गांवों-शहरों में जेनरेटर की आवाज गूंजती थी, लेकिन आज हर घर में बिजली पहुंच चुकी है।



## होंडा 2030 तक भारत में 10 नए मॉडल करेगी पेश



**तोक्यो :** जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा 2030 तक भारतीय बाजार में सात एसयूवी समेत 10 नए मॉडल पेश करेगी। कंपनी का लक्ष्य तेजी से बढ़ते भारतीय यात्री वाहन बाजार में बिक्री और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना है। होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड के निदेशक, अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि तोशीहिरो मिबे ने यहां एक बातचीत में कहा कि वाहन विनिर्माता चीन स्थित मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के उदय के साथ वैश्विक बाजारों में बदलाव के बीच भारतीय बाजार के लिए रणनीतियों को अंतिम रूप दे रहा है। कंपनी उत्तरी अमेरिका, जापान और भारत को अपने प्रमुख बाजारों के रूप में देखती है। मिबे ने कहा, 'भारत एक प्राथमिकता वाला बाजार होगा और यही वह बाजार है जहां हम आगे और अधिक प्रयास करना चाहते हैं। होंडा में, हमने विशेष रूप से भारतीय बाजार के लिए एक परियोजना दल का गठन किया है जो अब भारतीय बाजार के लिए रणनीति तैयार करने पर काम कर रहा है।'' मिसाल के तौर पर उन्होंने कहा कि जिस तरह होंडा के दोपहिया वाहन भारतीय आपूर्तिकर्ताओं और मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ सहयोगात्मक दृष्टिकोण के साथ भारतीय बाजार में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उसी तरह देश में स्थानीयकरण को अधिकतम करने के लिए कार व्यवसाय के लिए भी इसी तरह की साझेदारियां हो सकती हैं।

## जीएसटी कटौती से छोटी कारों की बिक्री में आई तेजी: मारुति सुजुकी चेयरमैन

**नयी दिल्ली:** अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने शुक्रवार को कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से छोटी कारों की मांग में आई तेजी दर्शाती है कि भारतीय उपभोक्ताओं के अब छोटी कारों की जगह बड़े आकार वाले वाहनों को प्राथमिकता देने की धारणा गलत है। भार्गव ने कहा कि बदले हुए हालात में कुछ कार विनिर्माता कंपनियां अपने उत्पादों की पेशकश में संशोधन कर सकती हैं। भार्गव ने कंपनी के तिमाही नतीजों पर चर्चा के दौरान संवाददाताओं से कहा कि मारुति सुजुकी अपनी पांचवें विनिर्माण संयंत्र की स्थापना का फैसला करने के करीब है और अगले कुछ महीनों में इसकी घोषणा की जा सकती है। जीएसटी दरों में कमी के समग्र वाहन बिक्री पर पड़े प्रभावों पर उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी 2030-31 के लिए अपने उत्पादन और बिक्री अनुमान में संशोधन करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, त्योहारों के दौरान हमारी खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही, जिसमें छोटी कारों की बिक्री का प्रमुख योगदान रहा। बड़ी कारें भी बिक रही हैं, लेकिन उतनी ज्यादा नहीं। जीएसटी दरों में संशोधन के बाद 1,200 सीसी से कम इंजन क्षमता और 4,000 मिमी तक लंबाई वाले पेट्रोल, एलपीजी एवं सीएनजी वाहनों पर जीएसटी कर की दर 28 प्रतिशत एवं उपकर से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है।

# स्वदेशी समुद्री इंजन निगरानी प्रौद्योगिकी के विकास के लिए समझौता

**मुंबई:** नेप्ट्यूनस पावर प्लांट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसने स्वदेशी समुद्री इंजन स्थिति-निगरानी की प्रौद्योगिकी के विकास के लिए 'इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग' (आईआरएस) के साथ समझौता किया है। यह पहल केंद्र सरकार की 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत की गई है। नेप्ट्यूनस ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य देश में समुद्री इंजनों की निगरानी और रखरखाव के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाना है। इसके तहत उन्नत डेटा विश्लेषण और वास्तविक समय निदान प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे जहाजों की परिचालन दक्षता बढ़ेगी। नेप्ट्यूनस ने कहा कि



इस समझौते से भारतीय जहाजरानी उद्योग को विदेशी निगरानी प्रणालियों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी और देश में मरीन तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इस समझौते पर 'भारत समुद्री सप्ताह 2025' में हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी के तहत इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) ने नेप्ट्यूनस को उसकी दो स्वदेशी प्रौद्योगिकियों वीआईबी 360 (इंजन की स्थिति निगरानी प्रणाली) और टॉर्क सेंस शापोली के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया। नेपट्यूनस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी उदय पुरोहित ने कहा, आईआरएस के साथ यह समझौता हमारे इस विश्वास को और मजबूत करता है कि भारतीय इंजीनियरिंग विश्व के समुद्री क्षेत्र का भविष्य तय करने की क्षमता रखती है।

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 466 अंक फिसला

**मुंबई:** निजी बैंकों के शेयरों में बिकवाली और वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार को स्थानीय बाजार लगातार दूसरे दिन नुकसान में रहे। सेंसेक्स लगभग 466 अंक गिर गया जबकि निफ्टी में 156 अंकों की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 465.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत टूटकर 83,938.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 498.8 अंक गिरकर 83,905.66 अंक तक आ गया था। इसके 25 शेयरों में गिरावट और पांच शेयरों में तेजी रही। एनएसई का 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 155.75 अंक या 0.60 प्रतिशत गिरकर 25,722.10 पर आ गया। विश्लेषकों के मुताबिक,



विदेशी निवेशकों की बिकवाली, कंपनियों के मिलेजुले नतीजे और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों पर स्पष्टता की कमी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, ट्रेंट और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय गिरावट हुई। हालांकि, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''उतार-चढ़ाव भरे सत्र में भारतीय शेयर बाजार अंत में गिरकर बंद हुए। निवेशकों ने कॉरपोरेट आय के मिलेजुले नतीजों और सतर्क वैश्विक धारण के बीच मुनाफावसूली की।'' बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.55 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक में 0.40 प्रतिशत की गिरावट हुई। क्षेत्रवार सूचकांकों में उपयोगिता खंड में 1.28 प्रतिशत, धातु में 1.15 प्रतिशत, बिजली में 1.03 प्रतिशत, सेवाओं में 0.91 प्रतिशत, जिंस में 0.90 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 0.70 प्रतिशत और वित्तीय सेवाओं में 0.69 प्रतिशत की गिरावट हुई।

## न्यूज अपडेट

### सोना 2,200 रुपये प्रति 10 ग्राम तेज, चांदी में आई नरमी

**नयी दिल्ली:** सोने के दाम शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में 2,200 रुपये की तेज बढ़त के साथ 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि सोने के दाम में यह तेजी थोक खरीदारों और आभूषण विक्रेताओं की नई खरीद के कारण आई है। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, चांदी के भाव 2,000 रुपये घटकर 1,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गए। पिछले सत्र में यह 1,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर घटकर 695.35 अरब डॉलर रहा

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 6.92 अरब डॉलर घटकर 695.35 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.49 अरब डॉलर बढ़कर 702.28 अरब डॉलर हो गया था। आरबीआई की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.86 अरब डॉलर घटकर 566.54 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

### गैर-अमेरिकी बाजारों को वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, समुद्री निर्यात में मजबूत वृद्धि हुई

**नयी दिल्ली:** जनवरी-सितंबर 2025 के दौरान कई गैर-अमेरिकी बाजारों में भारत के वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, और समुद्री उत्पादों के निर्यात में मजबूत वृद्धि हुई है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया में बढ़ती मांग के कारण इन क्षेत्रों के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), वियतनाम, बेल्जियम और सऊदी अरब जैसे गंतव्यों को निर्यात में तेज वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-सितंबर के दौरान भारत का समुद्री निर्यात सालाना आधार पर 15.6 प्रतिशत बढ़कर 4.83 अरब डॉलर हो गया। ऐसा मुख्य रूप से कई गैर-अमेरिकी गंतव्यों में बढ़ती मांग के कारण हुआ। अमेरिका 1.44 अरब डॉलर के साथ भारत का शीर्ष निर्यात गंतव्य बना हुआ है, जबकि तेजी से वृद्धि के लिहाज से वियतनाम (100.4 प्रतिशत), बेल्जियम (73.0 प्रतिशत) और थाईलैंड (54.4 प्रतिशत) प्रमुख देश रहे। इससे एशिया और यूरोप में भारत के समुद्री खाद्य व्यापार के बढ़ते विविधीकरण का पता चलता है। इसके अलावा चीन (9.8 प्रतिशत), मलेशिया (64.2 प्रतिशत) और जापान (10.9 प्रतिशत) में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'निर्यात विविधीकरण का एक स्पष्ट रुझान दिखाई दे रहा है, जिसमें वियतनाम और बेल्जियम जैसे उभरते गंतव्य बाजार हिस्सेदारी हासिल कर रहे हैं। थाईलैंड, मलेशिया और चीन जैसे स्थापित एशियाई साझेदारों ने अपने आयात की मात्रा बढ़ा दी है।'

# घुसपैठिए भारत की एकता और जनसांख्यिकीय संतुलन के लिए खतरा हैं: प्रधानमंत्री मोदी

## पश्चिम बंगाल को भी प्रमुख प्रभावित राज्य बताया गया



**एकता नगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि अवैध आव्रजन भारत के कुछ हिस्सों में जनसांख्यिकीय संतुलन को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने घुसपैठियों को देश की ''एकता और अखंडता के लिए बड़ा खतरा'' बताते हुए उन्हें बाहर निकालने का संकल्प लेने का आह्वान किया। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई का विरोध करने वालों को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि कहीं देश फिर से विभाजित तो नहीं हो जाएगा। राष्ट्रीय एकता दिवस परेड देखने के बाद मोदी ने कहा, आज देश की एकता और अखंडता को घुसपैठियों से बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि दशकों से घुसपैठिए देश में घुसपैठ कर रहे हैं, वे हमारे देश के संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं और उनका इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ा है और देश की एकता को खतरे में डाला है। मोदी ने आरोप लगाया, पिछली सरकारों ने इस बड़े खतरे के प्रति अपनी आंखें बंद कर ली थीं। उन्होंने वोट बैंक की राजनीति के लिए देश की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया। उन्होंने कहा, लेकिन अब पहली बार देश ने इस खतरे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का फैसला किया है। मैंने लाल किले से (15 अगस्त, 2025 को) जनसांख्यिकी मिशन की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं, लेकिन कुछ लोग देशहित को प्राथमिकता देने के बजाय अपने स्वार्थ के लिए घुसपैठियों को अधिकार दिलाने की राजनीतिक लड़ाई छेड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, इसका विरोध करने वालों का मानना है कि देश एक बार तो विभाजित हो ही चुका है, अगर भविष्य में यह फिर से बिखरता है तो उन्हें कोई परवाह नहीं है। लेकिन सच्चाई यह है कि जब देश की सुरक्षा और पहचान खतरे में होती है तो हर कोई इससे प्रभावित होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, इसलिए इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम भारत से सभी घुसपैठियों को निकाल देंगे। मोदी स्पष्ट रूप से पूर्वी भारत में बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ का उल्लेख कर रहे थे जिसके कारण असम, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में जनसांख्यिकीय असंतुलन को लेकर चिंताएं पैदा हुई हैं।

## एसपी की मंजूरी के बिना वकीलों को समन नहीं भेज सकते जांच अधिकारी : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** वकील-मुवक्किल विशेषाधिकार की रक्षा के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण फैसले में उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जांच एजेंसियों को मुवक्किलों को सलाह देने के वास्ते वकीलों को मनमाने ढंग से तलब करने पर रोक लगाने के लिए कई निर्देश जारी किए और कहा कि जांच अधिकारी आपराधिक जांच में उन्हें तब तक नहीं बुला सकते जब तक कि पुलिस अधीक्षक की मंजूरी न हो। ईडी द्वारा वकीलों को भेजे गए समन को खारिज करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यह उन आरोपियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है जिन्होंने वकीलों को अपनी पैरवी के लिए चुना था। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने ईडी द्वारा धन शोधन जांच के सिलसिले में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने के बाद स्वत: संज्ञान मामले में यह फैसला सुनाया। पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति चंद्रन ने कहा कि उसने वकीलों की सुरक्षा के लिए ''नियम में छूट को सुसंगत बनाने'' का अनुरोध किया है और जांच एजेंसियों के अनुचित दबाव से कानूनी पेशे की रक्षा के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। फैसले के मुख्य अंश सुनाते हुए न्यायाधीश ने कहा कि पीठ ने जांच एजेंसियों द्वारा समन जारी करने से पहले मजिस्ट्रेट की निगरानी की आवश्यकता को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति चंद्रन ने कहा, ''हमने साक्ष्य नियम को प्रक्रियात्मक नियम के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया है और फिर निर्देश जारी किए हैं।'' भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) की धारा 132 का हवाला देते हुए फैसले में कहा गया है कि यह मुवक्किल को दिया गया विशेषाधिकार है, जिसके तहत वकील को गोपनीय रूप से किए गए किसी भी व्यावसायिक संचार का खुलासा नहीं करना चाहिए।

## असम में जुबिन की आखिरी फिल्म देखने के लिए लोग उमड़े

**गुवाहाटी :** मशहूर गायक-संगीतकार जुबिन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' (आंसू अब भी बहते हैं) शुक्रवार को असम में प्रदर्शित हुई और इस फिल्म को देखने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। जुबिन की पिछले महीने सिंगापुर में मृत्यु हो गयी थी। फिल्म की पहली स्क्रीनिंग सुबह 4.25 बजे गुवाहाटी के एक मल्टीप्लेक्स में हुई, जहां लोग अपने पसंदीदा सितारे को आखिरी बार बड़े पर्दे पर देखने के लिए एकत्र हुए। राज्य के सभी शहरों में सुबह 5 बजे से पहले ही शो शुरू हो गए। फिल्म को पूरे देश में एक साथ रिलीज किया गया है। फिल्म देखने के बाद हॉल से बाहर निकलते समय दर्शक भावुक थे और कई लोग रोते दिखे। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग लोगों तक, सभी पहले ही दिन गर्ग की आखिरी फिल्म देखने के लिए हॉल में उमड़ पड़े। राज्य के विभिन्न हिस्सों में कैबिनेट मंत्रियों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी फिल्म देखने गए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि वह भी जल्द ही 'रोई रोई बिनाले' देखेंगे। शर्मा ने लखीमपुर में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, मैं इसे थोड़ी देर बाद देखूंगा क्योंकि अगर मैं किसी हॉल में गया तो जनता को असुविधा होगी। हम शायद गुवाहाटी के 'जोनाकी' हॉल से हमारे लिए एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित करने का अनुरोध करेंगे। अगले एक सप्ताह के सभी शो के टिकट बिक चुके हैं, और उम्मीद है कि गर्ग की यह फिल्म असमिया सिनेमा के सभी पुराने बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ देगी।

## बच्चों को बंधक बनाने वाले रोहित आर्य के शिक्षा विभाग के साथ काम की रिपोर्ट मांगी: महाराष्ट्र के मंत्री

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री दादा भुसे ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने बच्चों और वयस्कों को बंधक बनाने के आरोपी रोहित आर्य की ओर से शिक्षा विभाग के साथ किए गए काम के बारे में रिपोर्ट मांगी है। पवई स्थित आरए स्टूडियो में 17 बच्चों और दो वयस्कों को कथित तौर पर बंधक बनाने वाला आर्य (50) बृहस्पतिवार को पुलिस की गोलीबारी में मारा गया था। 10 से 12 साल की उम्र के इन बच्चों को एक वेब सीरीज के ऑडिशन के लिए स्टूडियो में बुलाया गया था, जो छह दिनों से हो रहा था। बंधक संकट तीन घंटे तक चला, जिसके बाद पुलिस ने बच्चों को बचा लिया। हालांकि, पुलिस कार्रवाई के दौरान गोली लगने से आर्य की मौत हो गई। आर्य ने पूर्व में दावा किया था कि महाराष्ट्र शिक्षा विभाग की एक परियोजना के लिए उसका बकाया भुगतान लंबित है और उसने पुणे में विरोध-प्रदर्शन भी किया था। पत्रकारों से बातचीत में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख भुसे ने कहा कि आर्य का 'अप्सरा एंटरटेनमेंट नेटवर्क' स्वच्छता मॉनिटर पहल संचालित करता है और उसने स्कूलों से कुछ धनराशि ली थी। मंत्री ने कहा, ''ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग ने उसके खिलाफ कार्रवाई की है। हमने विभाग से उसकी (आर्य) ओर से किए गए कार्यों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।'' महाराष्ट्र के पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने आर्य को आर्थिक मदद दी थी। उन्होंने दावा किया कि आर्य ने एक वेबसाइट के जरिये स्कूली छात्रों से रुपये जुटाए थे और विभाग ने इस पर आपत्ति जताई थी। केसरकर ने कहा कि उन्होंने आर्य से मुलाकात की थी और उसे वित्तीय मदद की पेशकश भी की थी, क्योंकि आर्य ने शिकायत की थी कि विभाग ने उनका भुगतान नहीं किया है। स्कूल शिक्षा विभाग के 25 जनवरी 2024 के सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, आर्य 'प्रोजेक्ट लेट्स चेंज' का निदेशक था, जिसने 20 जुलाई से दो अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता मॉनिटर पहल का संचालन किया था।

## पूर्व रेलवे में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन, एकता और सतर्कता का संदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे मुख्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के तहत आयोजित किया गया। समारोह में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को अखंडता की शपथ दिलाई तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह, रेलवे बोर्ड के निदेशक (स्थापना) आर. पी. जोशी, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुतिर्थ भट्टाचार्य, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी दीपक निगम तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य भाषण में दीपक निगम ने कहा कि भ्रष्टाचार देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने सरकार, नागरिकों और निजी क्षेत्र से मिलकर इसे समाप्त करने का आह्वान किया ताकि भारत एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बन सके। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रशासनिक नैतिकता और रेलवे में अनुशासनात्मक अपील नियमों पर प्रकाश डाला। सुतिर्थ भट्टाचार्य ने भारतीय रेल की भूमिका को राष्ट्रीय एकता और समान विकास के प्रतीक के रूप में बताया और कहा कि अगली पीढ़ी को पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त भारत की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने 34 छात्रों और रेलवे कर्मचारियों को निबंध, चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। पूर्व रेलवे स्कूल, आसनसोल की छात्रा जरीना अंसारी ने भी सतर्कता और ईमानदारी के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

## भारत ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार मिशन के तहत तीन गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाए




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रव्यापी 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' (एसएनएसपीए) के तहत तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताब हासिल किए हैं, जो निवारक और महिला-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि एक महीने में स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म पर सबसे अधिक 3.21 करोड़ लोगों का पंजीकरण, एक सप्ताह में ऑनलाइन ब्रेस्ट कैंसर जांच के लिए सबसे अधिक 9.94 लाख लोगों का पंजीकरण और एक सप्ताह में राज्य स्तर पर ऑनलाइन वाइटल साइन जांच के लिए सबसे अधिक 1.25 लाख लोगों का पंजीकरण किया गया, जिससे यह तीन गिनीज रिकार्ड बने। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितंबर से दो अक्टूबर 2025 तक देशभर में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, सेवा को संकल्प और 'भारत प्रथम' को प्रेरणा मानकर हमारी माताएं, बहनें और हमारी नारी शक्ति ही राष्ट्र की प्रगति की नींव हैं। अगर मां स्वस्थ रहती है, तो पूरा परिवार स्वस्थ रहता है। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण में सुधार पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य बिमारी की शुरुआत में ही उसकी पहचान को सुदृढ़ करना, आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना और परिवारों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए सशक्त बनाना है।

## पंजाब: लुधियाना में दिनदहाड़े कबड्डी खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या



**लुधियाना :** पंजाब के लुधियाना में जगराओं शहर में शुक्रवार को दिनदहाड़े 25 वर्षीय एक कबड्डी खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान तेजपाल सिंह के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर लुधियाना (ग्रामीण) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के कार्यालय के पास हुई। पुलिस ने बताया कि सिंह निजी कारणों से शहर आया था और पांच-छह हमलावरों ने उसे बेरहमी से पीटा और फिर सरेआम गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। एसएसपी अंकुर गुप्ता ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीमें भेज दी गई हैं।

## भोपाल मंडल परिक्षेत्र के सांसदों के साथ महाप्रबंधक की उच्च स्तरीय बैठक सम्पन्न



**जबलपुर :** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल परिक्षेत्र के माननीय सांसदगणों के साथ शुक्रवार को भोपाल में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता माननीय सांसद राजगढ़ श्री रोडमल नागर ने की। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने सभी सांसदों का स्वागत करते हुए पश्चिम मध्य रेल की प्रमुख उपलब्धियों और चल रही परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पश्चिम मध्य रेल के 6 स्टेशनों का लोकार्पण किया गया है, जिनमें भोपाल मंडल के नर्मदापुरम और शाजापुर स्टेशन शामिल हैं। कुल 53 स्टेशनों को लगभग 3940 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। इटारसी-भोपाल-बीना के मध्य 237 किमी चौथी रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति मिली है, साथ ही विभिन्न रेलखंडों में कवच 4.0 प्रणाली स्थापित की जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विकास कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं का विवरण दिया। सांसदों ने ट्रेनों के ठहराव, नई रेल लाइनों और स्टेशन सुविधाओं में सुधार से जुड़े सुझाव दिए। बैठक के अंत में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री नीरज कुमार ने सांसदों का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (सामान्य) श्री मनीष कुमार पटेल ने किया। बैठक में प्रमुख मुख्य इंजीनियर, परिचालन, वाणिज्य, सुरक्षा अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने तेलंगाना में मंत्री पद की शपथ ली



**हैदराबाद :** कांग्रेस नेता एवं पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने मुख्यमंत्री सहित कई महत्वपूर्ण नेताओं की उपस्थिति में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद, पत्रकारों से बातचीत में अजहरुद्दीन ने उन्हें मंत्री बनाए जाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा और के सी वेणुगोपाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है। मैं आलाकमान का, अपने समर्थकों का, शुक्रिया अदा करता हूं।''

## आरेडिका में राष्ट्रीय एकता शपथ एवं 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन



**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) रायबरेली में शुक्रवार को भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने प्रधान विभागाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों के साथ राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण की। वहीं अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थल पर उप मुख्य विभागाध्यक्षों के नेतृत्व में शपथ ली। आरेडिका खेलकूद संघ एवं कार्मिक विभाग द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के जवानों, बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई तथा सरदार पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एकसूत्र में पिरोकर सच्चे अर्थों में अखंड भारत की नींव रखी। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बी.एल. मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता एस.पी. यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री से सीखा है कि कब बोलना है और कब नहीं, विपक्ष को भी सीखना चाहिए: रीजीजू



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि दुनियाभर में हो रही घटनाओं के बीच, कोई भी देख सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किन मुद्दों पर बोलते हैं और कई बार यह भी तय करते हैं कि कब नहीं बोलना है। रीजीजू ने कहा कि कभी-कभी ''चुप रहना भी एक ताकत है'' और आवश्यकता से अधिक बोलना भी नुकसानदायक साबित हो सकता है। रीजीजू ने यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हाल के दिनों में भारत-अमेरिका संबंधों के समक्ष आई चुनौतियों से संबंधित एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। रीजीजू ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, ''कब बोलना है और कब नहीं बोलना है, मैंने प्रधानमंत्री से बहुत कुछ सीखा है, मैं चाहता हूं कि विपक्ष भी सीखे।'' सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भी सेना एवं रक्षा थिंक टैंक 'सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज' द्वारा आयोजित 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग: यंग लीडर्स फोरम' में मंच पर उपस्थित थे। इससे पूर्व रीजीजू ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। रीजीजू ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का लक्ष्य केवल ''कल्पना मात्र'' नहीं है, बल्कि यह ''हमारे देश को दुनिया में अग्रणी राष्ट्र बनाने की यात्रा'' है। मंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि सशस्त्र बलों के पराक्रम और सही भावना से संपन्न युवाओं के सहयोग से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बाद में, उपस्थित लोगों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को ''परिसंपत्ति'' बनना चाहिए, न कि ''बोझ''। उन्होंने कहा कि वे इसे भारत के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश कहते हैं, लेकिन यदि इसका उचित दिशा में उपयोग नहीं किया गया तो यह एक ''बोझ'' बन सकता है, इसलिए यह एक ''बहुत महत्वपूर्ण अवधि'' है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चौथी बैठक आयोजित




श्री अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की चौथी बैठक की अध्यक्षता करते हुए

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की चौथी बैठक शुक्रवार को दपूरे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार सहित सभी प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक, अधिकारी और खड़गपुर कारखाना के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक में दपूरे में हो रहे राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गई। महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने राजभाषा के प्रयोग और प्रसार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और कहा कि प्रतियोगिताओं जैसे आयोजन कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सकारात्मक और सराहनीय कदम हैं। मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री नरेंद्र ने राजभाषा के प्रयोग और प्रसार को और बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। दपूरे के कर्मचारियों के लिए आयोजित क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता में कुल 18 विजेताओं को महाप्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) बसंती टेटे ने किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पीएमएलए अपीलीय न्यायाधिकरण ने कार्ति चिदंबरम की संपत्ति कुर्क करने के ईडी के आदेश को बरकरार रखा

**नयी दिल्ली :** पीएमएलए अपीलीय न्यायाधिकरण ने आईएनएक्स धनशोधन मामले की जांच में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी संपत्ति की 2018 की अनंतिम कुर्की के आदेश को बरकरार रखा है। इन संपत्तियों में दिल्ली के जोरबाग इलाके में स्थित एक फ्लैट का हिस्सा और चेन्नई की एक बैंक शाखा में जमा कुछ करोड़ रुपये शामिल हैं। उनके वकीलों ने दलील दी कि घर की निरंतर कुर्की ''कानून की दृष्टि में गलत'' है। पीएमएलए के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी अनंतिम कुर्की आदेश, न्यायिक प्राधिकारी द्वारा इसकी पुष्टि के बाद, जांच के दौरान 365 दिन से अधिक की अवधि तक जारी रहेगा।

### वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने पूर्वी नौसेना कमान प्रमुख का पदभार संभाला



**विशाखापत्तनम :** वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने शुक्रवार को भारतीय नौसेना की पूर्वी कमान के नए फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में पदभार ग्रहण किया। भल्ला ने वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर का स्थान लिया, जो आज ही सेवानिवृत्त हुए। पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर के सेवानिवृत्त होने पर, 31 अक्टूबर को विशाखापत्तनम में आयोजित एक भव्य औपचारिक परेड में वाइस एडमिरल संजय भल्ला ने पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में पदभार ग्रहण किया।''

### गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हूं, लोगों से मिलने-जुलने से बचने की सलाह दी गई है : राउत



**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो गई हैं और उनका इलाज चल रहा है तथा उन्हें लोगों से मिलने-जुलने से बचने की सलाह दी गई है। राउत ने एक्स पर एक पोस्ट में यह भी उम्मीद जताई कि अगले साल तक उनकी सेहत अच्छी हो जाएगी। उन्होंने विस्तार में जाए बिना केवल इतना लिखा, आप सभी ने मुझे प्यार और भरोसा दिया है। लेकिन मुझे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो गई हैं और मैं इलाज करवा रहा हूं। मैं इससे उबर जाऊंगा। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार, मुझे बाहर न निकलने और सार्वजनिक स्थानों पर न जाने की सलाह दी गई है।

### अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा और नौसैनिक अभ्यास की फरवरी में मेजबानी करेगा भारत

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना फरवरी में विशाखापत्तनम में एक अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा और एक बड़े नौसैनिक अभ्यास की मेजबानी करेगी, जिसमें रूस और अमेरिका सहित 50 से अधिक नौसेनाएं भाग लेंगी। इसका उद्देश्य अस्थिर भू-राजनीतिक माहौल के बीच भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का प्रदर्शन करना है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि चीन, तुर्किये और पाकिस्तान की नौसेनाओं को इन दो प्रमुख आयोजनों के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। भारतीय नौसेना अगले महीने गुआम में होने वाले मालाबार नौसैनिक अभ्यास में भी भाग ले रही है। उन्होंने बताया कि महासागरों के माध्यम से एकजुट विषय पर अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा 18 फरवरी को विशाखापत्तनम में आयोजित की जाएगी, जबकि 'मिलन' नौसैनिक अभ्यास 19 से 25 फरवरी तक होगा। स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां उन प्लेटफार्म में शामिल होंगी जिन्हें भारतीय नौसेना इस बेड़ा समीक्षा के लिए तैनात करेगी।

कलियुग में बाबा श्याम का ऐसा चमत्कार हो गया ।
घुसुड़ीधाम में जो आया उसका काम हो गया ।।

ग्यारस की रात जगा के देख लो, बारस को धोक लगा के देख लो ।
होती है मनोकामना पूरी घुसुड़ीधाम में, एक बार अर्जी लगा के देख लो ।।

।। जय श्री श्याम ।। ।। जय घुसुड़ीधाम ।।

प्रेरणा स्रोत — श्यामलीन प्रकाश चंद टिबड़ेवाल

श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम का

# श्री श्याम जयंती महोत्सव 2025

मंदिर पूरे दिन व सारी रात खुला रहेगा

आज — कार्तिक शुक्ल एकादशी शनिवार 01/11/25
भजनों की शाम बाबा श्याम के नाम (सायं 4 बजे से)
श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ (रात्रि 10 बजे से)

मिल्क केक का महाभोग शाम 5 बजे

कल — कार्तिक शुक्ल द्वादशी रविवार 02/11/25
बारस धोक (प्रातः 6 बजे से)
ज्योत व जात-जड़ुला

पाठ वाचक: मनोज बालासिया, राहुल खेमका

भजन प्रवाहक: रिद्धि शर्मा, हृदया भटेरा, ममता गाड़ोदिया, पुष्पा साव, सीमा सराफ, हेमन्त चाण्डक

कीर्तन संचालक: मनोज बालासिया

मंच संचालक: सुरेश कुमार भुवालका

प्रधान अतिथि: श्री अरुप राय, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री प.बंगाल

उद्घाटनकर्त्ता: श्री गौतम चौधरी (विधायक : उत्तर हावड़ा)

विशिष्ट अतिथिः श्री महेन्द्र अग्रवाल (सुप्रसिद्ध समाजसेवी)

सवामणी व 5 किलो प्रसाद (बुंदिया-चूरमा) की व्यवस्था
संपर्क करें: 9831043463

भंडारा प्रसाद (दोनों दिन)

निःशुल्क चाय पानी व नमकीन — पवन गर्ग

विशेष आभार — हावड़ा सिटी पुलिस

कार्यक्रम समन्वयक: कपिल अग्रवाल

अखण्ड ज्योति पाठ कार्ड मंदिर कार्यालय में उपलब्ध है।

सहयोगी संस्थाएँ:
- न्यू आयरन मार्केट एसोसिएशन (122)
- हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट
- मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी

आप सभी को सपरिवार सादर आमंत्रण

आयोजक एवं स्थल: श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम 'परिवार'
122, जे. एन. मुखर्जी रोड, घुसुड़ी, हावड़ा-7, फोन : 9831043463 website : www.ghusuridham.in
E-mail : shyammandirghusuridhamk@gmail.com facebook.com/ghusuridham

Media Partner: सत्य सर्वदा

SHREE BALAJI TUBE CO. AUTHORISED DISTRIBUTOR
122, J. N. Mukherjee Road, Ghusuri, Howrah-7
98305 61196 I 98301 58843

SATYAM PIPES — M S Black Pipes

KARAN PIPES — PVC Pipes and Fittings

MICROPAULIN® — MULTILAYER TARPAULIN, SHADE NET & MULCH FILM — Product of PANKAJ®






PRABHA KHAITAN FOUNDATION
अपनी भाषा अपने लोग

Agra Ahmedabad Aizawl Ajmer Aligarh Amritsar Ayodhya Bengaluru Bhopal Bhubaneswar Bilaspur Chandigarh Chennai Coimbatore Dehradun Delhi Dimapur Goa Gurugram Guwahati Hyderabad Indore Jaipur Jalandhar Jodhpur Kanpur Kochi Kolkata Lucknow Ludhiana Mathura Meerut Mumbai Mussoorie Nagpur Noida Patiala Patna Prayagraj Pune Raipur Ranchi Sawai Madhopur Mathura Shillong Shimla Udaipur Varanasi

Birmingham Dubai Edinburgh London New York Oslo Oxford Singapore Turin Vancouver

prabhakhaitanfoundation foundationpk prabhakhaitanfoundation.org @prabhakhaitan


वर्ष 10, पूर्णांक 3399 अंक 209, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in